झारखंड का अपना अखबार
जमशेदपुर और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
प्रकाशन का 24 वाँ वर्ष

# चमकता आईना

जमशेदपुर
26 अप्रैल 2020
संवत् 2077 वैशाख शुक्ल पक्ष 3 रविवार
हिजरी -1439-40
पोस्टल रजि.नं.-Singhbhum/20/2020-2022
पृष्ठ -12

मूल्य 2 रुपये

## एंटीबॉडी टेस्ट किट में शिकायतें आ रही थीं, केंद्र ने कहा था- खराब टेस्ट किट वापस की जाएंगी

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** केंद्रीय मत्री समूह की आज कोरोना को लेकर बैठक हुई। इसमें मौजूद सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इस बात पर सहमति बनी कि देश में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। सरकार की ओर से उठाए कदमों के सकारात्मक नतीजे नजर आए हैं। एंटीबॉडी रैपिड टेस्ट किट से जांच पर फिलहाल रोक लगाई जा रही है। सरकार के मुताबिक, फिलहाल देश में 15 लाख टेस्ट करने की क्षमता है। इसके अलावा कई स्वदेशी कंपनियां भी टेस्ट किट बना रही हैं। कोविड19 से बने हालात से निपटने के लिए 1.25 लाख वॉलंटियर्स तैयार हैं।

## राष्ट्रपति के सचिव रहे संजय कोठारी ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त की शपथ ली

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के सचिव रहे संजय कोठारी ने शनिवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में कोविंद ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। कोठारी ने सर्टिफिकेट पर गजेटेड अफसर के बजाय खुद से सत्यापन करने की शुरुआत की थी।

सीवीसी का पद पिछले साल जून में केवी चौधरी के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली हुआ था। 63 साल के कोठारी का कार्यकाल अगले साल जून तक रहेगा। कोठारी 1978 बैच के हरियाणा कैडर के आईएएस अफसर थे। 2016 में वे डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग के सचिव पद से रिटायर हुए थे। जुलाई 2017 में उन्हें राष्ट्रपति का सचिव बनाया गया था।

**समारोह में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया**

समारोह में सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा गया था। दरबार हॉल में एक निश्चित दूरी पर कुर्सियां लगी थीं। आगे की कतार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित थे। वहीं, शपथ समारोह में मौजूद सभी लोग मास्क लगाए दिखे।

**कांग्रेस ने कोठारी की नियुक्ति का विरोध किया था**

कोठारी के नाम की सिफारिश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय चयन समिति ने पिछले फरवरी में की थी। उस वक्त कांग्रेस ने कोठारी के नियुक्ति का विरोध किया था।

## सऊदी अरब में अब नहीं दी जाएगी कोड़े मारने की सजा

**रियाद ,25 अप्रैल ईएमएस :** सऊदी अरब अब कोड़े मारने की सजा को खत्म कर रहा है। सऊदी अरब की सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कोड़े मारने की सजा को खत्म करने का आदेश दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर को मिले सुप्रीम कोर्ट के जनरल कमीशन के फैसले की आधिकारिक कॉपी के मुताबिक, अब सऊदी अरब में कोड़े मारने की सजा के बजाय कैद और जुर्माना जैसी सजाएं दी जाएंगी। दस्तावेज में कहा गया है कि शीर्ष अदालत का यह फैसला राजा सलमान के निर्देशन और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की प्रत्यक्ष देखरेख में शुरू किए गए मानवाधिकार सुधारों का विस्तार है।

सऊदी अरब में अब तक विभिन्न अपराधों में दोषियों को कोड़े मारने तक की सजा लागू थी। रिपोर्टों के मुताबिक, सऊदी अरब में एक संहिताबद्ध कानून प्रणाली का अभाव है।

# जमशेदपुर में दुकानों को लेकर अभी पुरानी व्यवस्था लागू

### दिन भर रही असमंजस की स्थिति, आज निर्णय

### साकची, बिष्टुपुर सहित मुख्य बाजारों का अभी खुलना मुश्किल

### जिला प्रशासन एक दो दिन में जारी कर सकता है आदेश

**जमशेदपुर, 25 फरवरी ( रिपोर्टर ):** कोरोना वायरस को लेकर लगाए गए लॉकडाउन में केन्द्र सरकार की ओर से दुकानों को खोलने में दी गई छूट के बाद शनिवार को दिन भर दुकानादारों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही. दिन भर दुकानदारों का जिला प्रशासन की ओर से आदेश जारी करने पर नजर टिकी रही. उपायुक्त की ओर से रविवार की दोपहर तक दुकानों को खोलने को लेकर कोई भी निर्णय दिया जा सकता है. लॉकडाउन में साकची, बिष्टुपुर समेत शहर के अधिकतर बाजार में जरूरी सामानों को छोड़ कर दुकानों को खोलने की संभावना कम दिख रही है.

केन्द्र सरकार की ओर से शुक्रवार की आधी रात को लॉकडाउन में दुकानों को खोलने की छूट दी गई. इसके लिए अलग-अलग गाइडलाइन भी दिए गए हैं. केन्द्र सरकार के आदेश के अनुसार मॉल व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नहीं खुलेंगे. लोगों की जरूरत के सामान को छोड़ कर अन्य दुकानदार अपने संस्थान में 50 प्रतिशत तक कर्मचारी रख कर दुकान खोल सकते हैं. जो रजिस्टर्ड दुकान हैं वहीं दुकान खुलेगी. दुकानदारों को ग्राहकों के बीच सामाजिक दूरी का पालन कराना होगा. किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होगी. बाजार में भीड़ भी नहीं लगनी चाहिए. केन्द्र सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि दुकानों को खोलने पर सभी राज्य सरकार अपना निर्णय लेंगे. लॉकडाउन में ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों को खोलने की प्रमुखता दी गई है. केन्द्र सरकार की ओर से लॉकडाउन में दुकानों को खोलने की छूट की खबर मिलने के बाद शनिवार को दिन भर दुकानदारों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही. अधिकतर दुकानदार जिला प्रशासन की ओर से कोई आदेश जारी करने का इंतजार करते रहे. शाम तक स्थिति स्पष्ट नहीं हुई कि कौन सी दुकान खुलेगी. माना जा रहा है कि देर शाम तक राज्य सरकार की ओर से सभी जिले के उपायुक्त को दुकान खोलने पर आदेश आए. रविवार को जिला प्रशासन की बैठक हो जिसके बाद उपायुक्त रविशंकर शुक्ला दुकान खोलने पर अपना निर्णय लेंगें. दुकानदारों के बीच भी असमंजस रही कि जब कर्मचारी सीमिति आएंगे, लॉकडाउन में उन्हें आने-जाने में परेशानी होगी तो दुकान को कैसे चलाया जाएगा. माना जा रहा है कि साकची बाजार, बिष्टुपुर समेत अन्य बाजार की दुकान लॉकडाउन ( शेष पृष्ठ 7 पर )

### राज्य के सभी डीसी को हालात के अनुसार ढील देने का दिया गया है अधिकार : रामेश्वर उरांव

**रांची, 25 अप्रैल ईएमएस :** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और झारखंड सरकार के मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी नई गाइडलाइन के अनुसार लॉकडाउन में छूट देने की जिम्मेवारी राज्य के विभिन्न जिलों के उपायुक्तों को दी गई है। कहा गया है कि केद्र सरकार के गाइडलाइन का अक्षरशः ( शेष पृष्ठ 7 पर )

### लॉकडाउन में रहेगी पुरानी व्यवस्था लागू : उपायुक्त

उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि गृह मंत्रालय की ओर से लॉकडाउन में दी गई छूट को लेकर जिले में किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति नहीं हो, इसको लेकर राज्य सरकार के निर्देशों के तहत स्थानीय प्रशासन की ओर से जल्द ही विस्तृत गाइडलाइन जारी की जाएगी. उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण और रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से जो व्यवस्था पूर्व में ( शेष पृष्ठ 7 पर )

### एक महीने बाद शर्तों के साथ दुकानें खुलीं, लेकिन ग्राहक नदारद; कई जगह भ्रम की स्थिति रही

**नई दिल्ली/मुंबई, 25 अप्रैल :** देश में कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने के लिए पहली बार 25 मार्च को लॉकडाउन लगाया गया था। दूसरे फेज में इसे 3 मई तक बढ़ाया गया है। लॉकडाउन के बीच सरकार ने शनिवार को ढील देते हुए कोरोना हॉटस्पॉट्स को छोड़कर अन्य इलाकों में सभी दुकानें खोलने के आदेश ( शेष पृष्ठ 7 पर )

## झारखंड में मिले 7 नये मरीज

### राज्य में 67 पॉजिटिव मामले



- **मलेशियाई महिला को कोविड वार्ड से छुट्टी, गिरफ्त में ले भेजा गया खेलगांव**
- **चार नए मरीजों में तीन हिंदपीढ़ी से व एक कांटाटोली निवासी है**
- **बोकारो में चार मरीजों को मिली छुट्टी**

**रांची, 25 अप्रैल ईएमएस :** झारखंड में अब कोरोना संक्रमण मरीजों की संख्या 67 हो चुकी है। शनिवार को रांची से चार नए मरीज मिले। इनमें से तीन हिंदपीढ़ी के एक कांटाटोली के रहने वाले हैं। सभी मरीजों को कोविड-19 सेंटर में भर्ती करा दिया गया है। बताते चलें कि शुक्रवार को सात मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

रेड जोन में शामिल रांची में अब तक 47 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। हॉट स्पॉट बन चुके हिंदपीढ़ी में मरीजों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। वहीं, कांटाटोली व बरियातू में एक-एक ( शेष पृष्ठ 7 पर )

# अल्कोर होटल में छापा, चर्चित व्यवसायी लड्डू मंगोतिया सहित तीन पकड़ाए

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** बिस्टुपुर के प्रतिष्ठित अल्कोर होटल में चल रहे स्पा में छापामारी कर पुलिस ने शहर के चर्चित व्यवसायी लड्डु मंगोतिया सहित तीन को लोगों को गिरफतार कर लिया ,बाद में थाना से सभी को जमानत पर छोड़ा गया.लॉक डाउन को लेकर इतनी सख्ती के बावजूद इतने बड़े होटल में हुई इस घटना के बाद से कई तरह के सवाल खडे होने लगे. कई हाई प्रोफाईल लोग के जुड़े होने के कारण मामला सुखियों में है. पुलिस ने तीनो कारोबारियों के अलावे होटल के प्रबंधन के खिलाफ भी लॉक डाउन उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया है बिस्टुपुर पुलिस के अनुसार दंडाधिकारी सूरज कुमार के नेतृत्व में होटल में आज छापामारी की गयी और वहां से लड्डू मंगोतिया





उर्फ राजेश अग्रवाल,जग्गी सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया .सभी उक्त होटल के स्पा में पाये गये थे.उधर होटल प्रबंधन का कहना है कि कर्मचारियों के लिये होटल खोला गया था किसी बाहरी के आने की अनुमति नहीं थी कुछ लोग यहां आये जरुर थे सभी को लौटा दिया गया था.मगर इस मामले के तूल पकड़ने के बाद कई तरह के सवाल खडे हो गये आला प्रशासनिक एंव पुलिस अधिकारी लॉक डाउन को लेकर दिन रात मेहनत कर रहे है विभिन्न चौक चौराहो पर आम जनों के लिये काफी सख्ती बरती जा रही है ऐसे में शहर के अलग अलग हिस्सों से लोग स्पा में कैसे पहुंच गये.हलांकि सूचना पाने के बाद होटल में छापामारी कर सभी को पकड़ लिया गया .मजिस्ट्रेट के बयान पर लाक डाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.

ऐसी ( शेष पृष्ठ 7 पर )

## हाडकोर नक्सली राफेल बोदरा उर्फ राफेल मुण्डा गिरफ्तार



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** टेबो थाना पुलिस ने भाकपा माओवादी जीवन कन्डुलना एवं सुरेश मुण्डा के दस्ते का हाडकोर नक्सली राफेल बोदरा उर्फ राफेल मुण्डा को गिरतार कर आज न्यायालय में प्रस्तुत किया है। उसके खिलाफ गुदड़ी थाना कांड संख्या ०६/१९ दिनांक २२.०६.२०१९ के तहत मामला दर्ज किया गया था। वह जीवन कन्डुलना, सुरेश मुण्डा के गिरोह के दस्ते के साथ कमल पुरती को खोजने रायगढा गया था। नहीं मिलने पर नक्सलियों ने उसके भाई एवं पत्नी के साथ मारपीट किया। घर में रखा रूपया ले लिया। अनाज, जेसीबी मशीन, मारूती कार में आग लगाकर जला दिया था।

## आरपीएफ जवान के संक्रमित मिलने के बाद तीन दुकानें सील

**घाटशिला, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** घाटशिला में आरपीएफ जवान के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि के बाद अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है. आज अनुमंडल पदाधिकारी अमर कुमार और अनुमंडल आरक्षी पदाधिकारी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में कई ऐसी दुकानों को सील किया गया जहाँ कोरोना संक्रमित जवान या उसके साथ रहने वाले सामान खरीदने गए थे. शहर में तीन दुकानों को सील करने की सूचना है. इसके अलावा दुकान के मालिक सहित



12 स्टाफ को क्वारेन्टीन और होम क्वारेंन्टीन किए गए हैं. सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के पांच स्थानों पर बैरियर लगाकर गोपालपुर से मुख्यबाजार तक को सील कर दिया गया है.बताया जाता है कि कोरोना का संक्रमण नहीं फैले इसके लिये प्रशासन ( शेष पृष्ठ 7 पर )

### कोटा में फंसे जमशेदपुर के बच्चों को लाने की कर ली है व्यवस्था

## लेकिन राज्य सरकार नहीं दे रही अनुमति : सरयू राय

### अदालत में जाने की चेतावनी



**जमशेदपुर संवाददाता, 25 अप्रैल :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोटा में फंसे जमशेदपुर के बच्चे-बच्चियों के लाने बस एवं छोटी गाड़ियों की व्यवस्था कर ली है, लेकिन राज्य सरकार अनुमति देने को राजी नहीं हो रही है. श्री राय ने कहा कि कोटा से भाड़े की गाड़ी करके जो बच्चे झारखंड आना चाह रहे हैं, उन्हें वहां का प्रशासन पास जारी कर दे रहा है. जमशेदपुर के तीन विद्यार्थी आज ही कोटा से शहर पहुंचे. उनके जानकारी लेकर अन्य अभिभावक भी अपने बच्चों को वहां से लाने की योजना बना सकते हैं. इसमें मेरा सहयोग रहेगा.

श्री राय ने कहा कि यह समझना कठिन हो रहा है कि एक देश में दो विधान कैसे चल रहा है. एक सरकार एक राज्य से दूसरे राज्य में आने जाने का पास दे रही है, लेकिन दूसरी सरकार केन्द्र सरकार के उसी नियम का हवाला देकर दूसरे राज्य में कौन कहे, दूसरे जिले में जाने का पास नहीं दे रही है. आखिर एक भारत देश में एक केन्द्र सरकार के एक नियम की व्याख्या दो राज्य अलग-अलग कैसे कर सकते हैं. ( शेष पृष्ठ 7 पर )

# जुलाई नहीं, सितंबर से शुरू होगा कॉलेज सेशन! ऑनलाइन परीक्षा की भी तैयारी

- **कोरोना वायरस लॉकडाउन के कारण विश्वविद्यालयों में दो महीने देरी से अकादमिक सत्र शुरू करने पर विचार**
- **सत्र 2020-21 में जुलाई की जगह सितंबर से होगी पढ़ाई, अकादमिक कैलेंडर में भी होगी फेरबदल**
- **ऑनलाइन परीक्षा की भी तैयारी, यूजीसी को कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट**
- **सिफारिश हुई मंजूर को केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट में करनी होगी अपील**

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2020-21 को विलंब से शुरू करने का फैसला किया गया है। सरकार द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने सिफारिश की है कि परिस्थिति को देखते हुए देश में उच्च शिक्षा के लिए जुलाई से शुरू होने वाले शिक्षण सत्र को सितंबर से कर दिया जाना चाहिए। बता दें कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सरकार ने 15 मार्च से ही स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया था।



**अकादमिक सत्र को दो महीने बढ़ाने की सिफारिश**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा गठित सात सदस्यीय समिति ने परीक्षा से जुड़े मुद्दों और अकादमिक कैलेंडर को लेकर अपनी रिपोर्ट शुक्रवार को पेश की। इसी कमेटी ने सिफारिश की है कि देशभर में 2020-12 के शैक्षणिक सत्र को दो महीने आगे बढ़ा दिया जाए।

**क्यों बढ़ाया जा रहा है सत्र का समय**

कमेटी ने बताया कि कोरोना लॉकडाउन और संक्रमण को लेकर कई राज्यों द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, पूर्व निर्धारित समय पर विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित नहीं करवाई जा सकती हैं। कमेटी ने यह भी सिफारिश की है कि वर्ष के अंत या सेमेस्टर के अंत में होने वाली परीक्षाएं जो निर्धारित समय पर आयोजित नहीं की जा सकती हैं, उन्हें जुलाई में आयोजित किया जाना चाहिए।

**देश में कोरोना के कहां, कितने मरीज, पूरी लिस्ट** ( शेष पृष्ठ 7 पर )

अब मोबाइल पर 'चमकता आईना'

चमकता आईना की खबरें 'चमकता आईना ई पेपर chamaktaaina.com' पर पढ़ें. हमारे 'चमकता आईना' फेसबुक एकाउंट से भी जुड़े. अपने मोबाइल पर देश दुनिया और शहर की ताजा खबरों से अपडेट रहें.

## संक्षिप्त

### विद्युत महतो बने प्रदेश अध्यक्ष



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** ब्रिक्स मानवाधिकार मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप पाटिल खंडापुरकर तथा राष्ट्रीय सचिव अनिल मिश्रा ने विद्युत महतो को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष (यूथ सेल) के रुप में मनोनीत किया है. साथ ही उन्होंने श्री महतो से राज्य व जिला कमेटी के पदाधिकारियों का मनोनयन कर संगठन को और मजबूती देने का निर्देश दिया है.

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** मानगो थाना में मार्केटिंग अफसर के बयान पर कुमरुम बस्ती निवासी गोर्वधन साहु के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कालाबाजारी करने का मामला दर्ज किया गया है .मिली जानकारी के अनुसार साहु के दवारा बोरा में खाद्य सम्रागी पैक कर मानगो बाजार में बेचने की तैयारी थी जिसका सुचना पर ग्रामीणों ने हंगामा किया पुलिस व अधिकारी पहुंचे व सील कर दिया गया छानबीन में बात समाने आयी है की सरगना बालीगुमा निवासी बिनोद साहु है जिसके दवारा सारा कार्य संचालित किया जाता है.

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**बागबेड़ा थाना में नामोटोला निवासी सोमारी देवी के बयान पर डीबीरोड निवासी बाबू प्रसाद,कैलाश प्रसाद,कन्हैया प्रसाद व सबीता देवी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है यह घटना गत पांच मार्च वर्ष 8 से लेकर सात दिसम्बर वर्ष 13 के बीच की है.

### मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**बागबेड़ा थाना में सोमाय झोपडी निवासी सनातन सरदार के बयान पर बाबु लाल सरदार,मंजनु सरदार के खिलाफ नकुल मुन्डा के घर के पास एक राय होकर मारपीट ,समानो को क्षतिग्रस्त ,समान लेना व धमकी देते हुये धमकी व रंगदारी मांगने का मामला दर्ज किया गया है यह घटना गत बीस नवम्बर वर्ष 12 की है.

### धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**कदमा थाना में जवाहरनगर निवासी आमीर हासमी के बयान पर कदमा शास्त्रीनगर निवासी अब्दुल सलाम,शहजाद आलम ,मोहम्मद असलम,शहनाज खातुन,फरहा परवीन कुम्हारा टोली रांची व गौरीशंकर रोड निवासी बानों के खिलाफ धोखाधडी करने का मामला दर्ज किया गया है.

### मारपीट करने का मामला दर्ज

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**बागबेड़ा थाना में नया बस्ती निवासी सुधीर मिश्रा के बयान पर कैन्हया उर्फ नायडु व रुपा के खिलाफ एक राय होकर मारपीट कर पांच सौ रुपये लेने का मामला दर्ज किया गया है वहीं दुसरी ओर कन्हैया के बयान पर सुधीर मिश्रा,संतोष मिश्रा के खिलाफ एक राय होकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है.

### दूकान का ताला तोड़कर चोरी

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**एमजीएम थाना अतंगर्त मुखिया डांगा भिलाई पहाडी निवासी शंकर प्रजापति के किराना दुकान में चोरी हो गयी .चोर नगद 15 हजार ले गये .अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

# माहे रमजान का पवित्र महिना शुरू, रोजेदारों ने रखा रोजा

**जमशेदपुर, 24 अप्रैल (रिपोर्टर) :** शनिवार से रमजान शुरु हो गया। शुक्रवार की शाम में मुस्लिम समाज के लोगों ने घरों की छतों से चांद का दीदार कर एक दूसरों को मुबारकबाद दी। रमजाननुल मुबारक का माह शुरू हो गया है। रमजान में सेहरी और इफ्तारी शुरू गो गया। लॉकडाउन के बीच यह पहला रमजान है, जिसमें एहतियातन सरकार व प्रशासन के कई दिशा-निर्देश दिये है। पहले दिन मुस्लिम मोहल्लों में सेहरी के वक्त की रौनक और चहलपहल नहीं रही, इफ्तार पार्टियां नहीं हुईं। लेकिन रमजान में हर वो काम लोग कर पाएंगे जो जरूरी है। घर में 5 वक्त की नमाज पढ़ी गयी, फैमिली के साथ सेहरी और इफ्तार की गयी। शाम में सभी रोजा तोड़ने के बाद घरों में इफ्तार किया।



**लोगों ने घरों में पढ़ी तरावीह**

शहर की सभी मस्जिदों में रात में तरावीह शुरू हुई। वहां पांच से अधिक लोगो को इंट्री नहीं मिली। मस्जिद में ताला बंद होने के कारण लोगों ने अपने अपने घरों में तरावीह पढ़ी।

### बारीनगर की 9 वर्षीय माहिबा ने रखा रोजा



माहे रमज़ान के पवित्र महीने के पहले दिन 9 वर्षीय माहिबा हक ने अपना पहला रोजा रखा। टेल्को बारीनगर निवासी हिल टॉप स्कूल की छात्रा माहिबा, नगर सचिव सैयद मुज़फ्फरुल हक झारखंड क्रीड़ा मोर्चा की सुपुत्री हैं। उन्होंने पहला रोजा रखा और अपने परिवार की समृद्धि के साथ अपने मुल्क और दुनिया को इस कोरोना जैसी बीमारी से निजाद पाने की दुआ मांगी।

## टाटा स्टील एमडी पहुंचे प्लांट, औचक निरीक्षण किया

**जमशेदपुर, 25 अप्रैल( रिपोर्टर ):** टाटा स्टील के सीईओ व ग्लोबल प्रबंध निदेशक टी वी नरेन्द्रन शनिवार को औचक निरीक्षण पर कंपनी पहुंचे. उन्होंने कई प्लांट के कैंटीन, जनरल ऑफिस व साकची गेट पर कर्मचारियों के आने-जाने व सुरक्षा व्यवस्था में जुटे कर्मचारियों की जानकारी ली.

शनिवार की सुबह टाटा स्टील के सीईओ व ग्लोबल प्रबंध निदेशक टी वी नरेन्द्रन अपने आवास से खुद कार चलाते हुए कंपनी पहुंचे. उन्होंने जनरल ऑफिस पार्किंग में कार लगायी. उनका जनरल ऑफिस गेट पर थर्मल चेकिंग की गई. बाद में वे कार से कंपनी परिसर में पहुंचे. अपनी कार एक जगह खड़ी की. इसके बाद पैदल ही कोक प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस समेत अन्य कई कैंटीन का निरीक्षण किया. कैंटीन की व्यवस्थाओं को देखा. कैंटीन में साफ सफाई, कर्मचारियों के बीच सामाजिक दूरी को लेकर किस तरह की तैयारी है इसकी जानकारी ली. उन्होंने जनरल ऑफिस व साकची गेट का भी निरीक्षण किया. इस दौरान पंचिंग मशीन, गेट पर सुरक्षा में जुटे कर्मचारी आने-जाने वाले कर्मचारियों की किस तरह से स्केनिंग करते है, सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए किस तरह की तैयारी है इसकी जानकारी ली. प्लांट की स्थिति यह रही कि कई कर्मचारियों को इसकी जानकारी भी नहीं मिली. बाद में मालूम हुआ कि एमडी प्लांट आए थे.

## 700 डीलरों ने ऑनलाईन प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

### न्युवोको का कोरोना संकट में डीलरों के लिए प्रतियोगिता

**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** न्यूवोको ने कोरोना संकट के समय अपने डीलरों को उत्साहित रखने और उनके मनोरंजन के लिए पूर्वी क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र के अपने पंजीकृत डीलरों के लिए एक स्टे अलर्ट एंड स्टे सेफ ऑनलाइन प्रतियोगिता शनिवार से शुरू की है। ज्ञानवर्धक और रोमांचक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को हर दिन एक नई थीम-आधारित पहेली को हल करना है। शनिवार को पूर्वी और उत्तरी क्षेत्र के लगभग 700 विशेष डीलरों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें 1000 प्वाइंट 65 प्रतियोगियों ने जीते। कंपनी की चीफ स्ट्रेटजी एवं मार्केटिंग ऑफिसर मधुमिता बसु ने कहा कि महामारी से लड़ने में मदद करने के लिए जब हमें सामाजिक दूरी बनाए रखनी है, तो अपने डीलरों के मनोबल को बनाए रखने के लिए उनके साथ जुड़ना भी जरूरी है।

## जिले में लिए गए कोरोना वायरस के 115 संदिग्धों के सैम्पल

**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर):** जिले में कोरोना वायरस के 115 संदिग्धों के सैम्पल लिए गए. अब तक जिले में 917 संदिग्धों के सैम्पल लिए जा चुके हैं जिनमें से 771 की जांच की गई जिनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव है. कोरोना के 186 संदिग्धों के सैम्प्ल की जांच प्रक्रिया जारी है. देर रात तक कई संदिग्धों के सैम्पल आने की संभावना है. घाटशिला के आरपीएफ जवान का खड़गपुर में कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद जवानों के बीच भी हड़कम्प मच गया है. बताया जाता है कि वह जिस बैरक में रहता था उसमें 21 जवान भी रहते थे. जिला प्रशासन ने बैरक को सील कर दिया है. जवानों को क्वारंटाइन कर दिया है. शुक्रवार को छः संदिग्धों का सैम्पल लिया गया था. उनकी जांच रिपोर्ट देर रात तक आने की संभावना है.

### असम का चालक कोरनटाईन किया गया

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**गोलमुरी झेलम रोड के आउट हाउस में असम से पहुंचे चालक को कोरनटाईन घर पर ही किया गया है.मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सुचना मिली की असम से आकर रह रहा है तो स्वाश्थ्य विभाग की टीम को सुचना दी गयी वह पहुंची व जांच के बाद कारवायी की है.

### सोनारी में युवक पर हमला

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**सोनारी झाबरी बस्ती में देर रात युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया .जिसका एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है .पुलिस का कहना है की छानबीन की जा रही है .

### चोरी के मामले में गये जेल

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** परसुडीह पुलिस ने करनडीह ग्रमीणा बैक रोड निवासी दिलिप बानरा के दुकान में चोरी के मामले में अभियुक्तों करनडीह निवासी होपेन सोरेन,सागर भुमिज,सलकु टुडु ,भगवत टुडु ,भीम हांसदा को जेल भेजा है.यह चोरी गत 12 अप्रैल को हुई थी.

### आदित्यपुर में खुली गैर जरुरी दुकानें, पुलिस ने बंद करायी

**आदित्यपुर (रिपोर्टर):** आदित्यपुर स्थित शेर ए पंजाब चौक तथा आस-पास के स्थानों पर आज सुबह अचानक सभी प्रकार की गैर जरुरी दुकानें खुल गई, जो कि लॉक डाऊन की वजह से बन्द थी. और वहां ग्राहकों की आवाजाही भी शुरु हो गई. और खुली हुई दुकानों में ग्राहकों की आवाजाही भी दिन के करीब 12 बजे तक जारी रही. अचानक दुकानों के खुला पाये जाने के सूचना मिलने पर आदित्यपुर पुलिस टीम ने घूम-घूमकर खुली हुई गैर जरुरी दुकानों को बंद कराया. और बिना स्पष्ट निर्देश के पुनः दुकान खोलने पर दुकानदारों को कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी.

### दिंदली बस्ती में पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित

**आदित्यपुर (रिपोर्टर):** वार्ड 16 अंतर्गत दिंदली बस्ती के कोचाकुली एवं दास पाड़ा में पिछले पांच दिनों से पयेजलापूर्ति बाधित है, जिससे इस गर्मी में पानी नहीं मिलने से बस्तीवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## एक महिना से पुरुलिया में फंसे मुखी समाज के लोगों को सकुशल लाने की मांग

### केंद्रीय मुखी समाज मूलवासी का उपायुक्त को पांच सूत्री मांगपत्र



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** केंद्रीय मुखी समाज मूलवासी, झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष बैजू मुखी व कार्यकारी अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में विभिन्न पाँच सूत्री मांगो को लेकर जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। पांच सूत्री मांगों में बर्मामाइन्स मुखी समाज के 15 लोग पुरुलिया के आद्रा में विगत एक महीनों से फंसे हुए है उन्हें सकुशल जमशेदपुर लाने की मांग की गई।

कोरोनो महामारी में विभिन्न अस्पतालों व मेडिकल सेंटरों में कार्यरत अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों का स्वास्थ्य बीमा राज्य सरकार द्वारा किया जाय एवं सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाय। कोरोनो महामारी के भयावह दौर में भी अपने जान जोखिम में डालकर समाचार संकलन करने वाले सभी मीडिया कर्मियों का भी स्वास्थ्य बीमा राज्य सरकार द्वारा किया जाय एवं राज्य सरकार मीडिया कर्मियों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करें। शहर को स्वच्छ व साफ रखने वाले अस्थायी सफाईकर्मियों का भी स्वास्थ्य बीमा राज्य सरकार द्वारा की जाय व उन्हें भी प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाय। सभी अस्थायी स्वास्थ्य व सफाईकर्मियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा रोजाना भोजन के पैकेट की व्यवस्था हो। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में बैजू मुखी, हरि मुखी, पांडी मुखी (पार्षद, आदित्यपुर), श्यामलाल मुखी मौजूद थे।

## जमशेदपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिला



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** जमशेदपुर चैंबर आफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल आज जिला के उपायुक्त से मिलकर ग्रह मंत्रालय के निर्देशानुसार दुकानों को खोलने के संबंध में चर्चा की जिसपर उपायुक्त नें बताया कि अभी दुकानों को खोलने की अनुमति नहीं है । अंतिम निर्णय को लेकर राँची में बैठक कर विचार विमर्श किया जा रहा है और जिला प्रशासन के आदेश आने तक पूर्व की भांति प्रतिबंध का पालन करते हुए दुकानों को बंद रखना है । प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से चैंबर संरक्षक मोहनलाल अग्रवाल , हरविंदर सिंह मंटू, आकाश शाह, सोनू बिंदरा सहित अन्य उपस्थित थे ।

## खरकई पुल से बैरिकेटिंग हटा, लोगों की आवाजाही शुरु



**आदित्यपुर (रिपोर्टर):** आदित्यपुर व जमशेदपुर को जोड़ने वाला खरकई पुल पर बने बैरिकेटिंग को हटा दिया गया है. इसके साथ ही आज से आदित्यपुर-कान्ड्रा मुख्य मार्ग को आम लोगों के आवाजाही के लिए खोल दिया गया और आवाजाही भी शुरु हो गई है. इससे पूर्व आदित्यपुर थाना प्रभारी सुषमा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम स्थल पर पहुंची तथा उसके बाद द्विपथीय खरकई पुल पर लगे बैरिकेट को हटवाया गया. उल्लेखनीय है कि कोरोना की वजह से घोषित लॉक डाऊन की अवधि में द्विपथीय खरकई पुल को वन वे कर बैरिकेटिंग कर दी गई थी. और मात्र एक तरभ से ही आवाजाही हो रही थी.

## आरआइटी: भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त, विक्की सेठ समेत दो गिरफ्तार



**आदित्यपुर (रिपोर्टर)25 अप्रैल:** आरआईटी पुलिस ने लॉक डाउन के दौरान क्षेत्र में शराब के धंधेबाजों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी मात्रा में अवैध तरीके से बेचे जा रहे अंग्रेजी शराब को बरामद किया है. वहीं पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरआईटी थाना क्षेत्र के रोड नंबर 7 में अवैध रूप से जमा किए गए विदेशी शराब को ऊंचे कीमतों पर लोगों को बेचा जा रहा है. इस सूचना के बाद पुलिस द्वारा एक टीम का गठन कर छापेमारी अभियान के तहत पुलिस ने कुल 121 बोतल विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब जब्त किया. इस दौरान पुलिस ने रोड नंबर 7 निवासी विकास कुमार उर्फ विक्की सेठ एवं रायडीह स्थित शिव काली मंदिर निवासी संदीप शर्मा नामक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है. इनमें विक्की सेठ कई मामलों का अभियुक्त हैं और शराब धंधेबाज का मुख्य मास्टरमाइंड बताया जाता है.

मामले के संबंध में जानकारी देते हुए आरआइटी थाना प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि अवैध धंधेबाजों द्वारा एक दुकान से चोरी-छिपे अंग्रेजी शराब की बिकरी ऊचें कीमत पर की जा रही थी, जिसके बाद पुलिस को यह सूचना प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की गई. ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी लॉक डाउन में राशन दुकान से शराब बेचे जाने के आरोप में एक व्यक्ति को आदित्यपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था.

**कृष्णापुर से स्थायी वारंटी गिरफ्तार** - आरआइटी पुलिस ने धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम शिव प्रसाद पटेल है, जो बोनडीह (कृष्णापुर) का रहनेवाला है. उसे आज चालान कर सरायकेला जेल भेज दिया गया.

## गोविंदपुर के तीन गांवों में परिषद ने 400 लोगों को खिलायी बिरयानी



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** भारतीय जनसेवक परिषद का कोरोना संकट के लॉकडाउन में आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को भूख से बचाने को लेकर सामाजिक संस्था भारतीय जनसेवक परिषद का मुहिम जारी है. परिषद अब लोगों को राशन के साथ ही गोविंदपुर के कई गांवों में रात्रि भोजन भी शुरु की है. इसी कड़ी में शनिवार को गोविन्दपुर स्थित शंकरपुर, सनातनपुर एंव झरनाबस्ती गॉव के 400 लोगों को बिरयानी-सब्जी बनाकर रात का भोजन कराया गया. इस पुणित कार्य में मुख्य रुप से परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष सुभाष उपाध्याय, जिलाध्यक्ष अरविन्द साहु, देवशरण सिंह, नरेश गौरा, संदीप झा, संतोष सिंह, कृष्णा सिंह, राजकुमार झा, विवेक चौधरी, अमन कुमार झा, राहुल सिंह ने सहयोग किया।

## नाई समाज के दर्जनों परिवारों में बंटा राशन सामग्री



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** सामाजिक समरसता विकास मंच जमशेदपुर के संरक्षिका राजकुमारी देवी की ओर से नाई समाज पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों नाई परिवार के बीच राशन वितरित किया गया. नाई समाज के सैलुन, फेरी करने वाले, बैठकी मे काम करने बाले गरीब, असहाय जरूरतमंद चिन्हीत परिवारा जेम्को आजाद बस्ती में राशन सामग्री बांटा गया। इस मौके पर मुख्य रुप से अनिल प्रकाश, कैलाश शर्मा, रवि कुमार, किशोर कुमार, मुन्ना शर्मा, उमेशा ठाकुर, संजू ठाकुर समेत समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गोविंदपुर भाजपा संपर्क कार्यालय से 40 परिवारों में बंटा राशन



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार के निर्देश पर भाजपा गोविंदपुर संर्पक कार्यालय (विवेक स्कुल के पास) 40 परिवारों के बीच आवश्यक खाधान्न साम्रगी बाँटा गया। यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। इसमें मुख्य रुप से कमलेश सिंह, शिवजी प्रसाद, भूषण दीक्षित सतीश सक्सेना, धानेश्वर सिंह, सोमनाथ सरकार, अरविन्द सिंह चौहान, मनोज पात्रो, अजय गुप्ता,अंजिशनु रिंकु, सुजीत महतो, शंकर दास, अनिल दास, बंसत कुमार, ददन शर्मा, सरोज दास, सुनील सिंह, मुरली राव आदि लोगो का सराहनीय योगदान रहा।

## राजकुमार ने खिलायी खिचड़ी, बांटा राशन सामग्री



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** परसुडीह क्षेत्र के बारीगोड़ा व सरजामदा सेंटर समीप में शनिवार को गरीब व जरुरतमंदों के बीच सूखा राशन वितरित किया गया. वहीं शंकरपुर-जानीगोड़ा और छोलागोड़ा में दोपहर को जरुरतमंदों को दोपहर का भोजन कराया गया. जरुरतमंदों को जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह के सहयोग से सूखा राशन मुहैया कराया जा रहा है. इस दौरान श्री सिंह ने लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग व सरकार द्वारा निर्देशों का अक्षरशः पालन करने को कहा. सेवा कार्य में लखन हांसदा, गुदू सोरेन, राम हांसदा, मेघराय सोरेन, नारान हेंब्रम, लान मुर्मू, गोविंद, मनोरंजन सोरेन, कन्हाई हेंब्रम, मोटा सोय, लखीचरण हेंब्रम, मनोज सिंह, नरेंद्र सिंह, महेंद्र यादव, शिव हांसदा, निमाई दास, लखन हांसदा आदि ने योगदान दिया.

## तेजस्विनी वेलफेयर ट्रष्ट ने परसुडीह बस्ती किया सैनिटाईज



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** तेजस्विनी सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा परसुडीह क्षेत्र के विवेकानंद क्लब से होते हुए शितला चौक, क्लब रोड, पदमा रोड, जूई रोड, टेंपल रोड, वकुल रोड, हरिया भट्टी, रेलवे कॉलोनी गोलपहाड़ी तक सैनिटाइजिंग किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पॉली दे, सुमोना चौधरी, मुनमुन चक्रवर्ती, रितेश घोषाल, भरत सिंह, रैना पूर्ति, शुभम झा आदि शामिल थे।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस के साथ मारपीट में जेल

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**जुगसलाई थाना के दारोगा मंजु कुमारी के साथ मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों डी कोस्टा रोड निवासी राजा परिहारी,दिप्ती परिहारी को जेल भेजा है .उक्त मामले में दारोग के बयान पर राजा परिहारी,दिप्ती परिहारी,कुणाल परिहारी,जुगनु परिहारी के खिलाफ एक राय होकर मारपीट ,सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दज किया गया है मालुम हो की पुलिस गिरफ्तार करने गयी थी तो मारपीट की गयी थी.

## पुलिस ने लॉकडाउन उल्लंघन करनेवालों को कराई उठक बैठक

**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** बिना मास्क व बेवजह सड़को पर घुमने निकले लोग को पुलिस ने पकड़कर उठक बैठक करायी तो कहीं कहीं पर सख्ती बरतते हुये लाठी में भी चलायी.लाक डाउन उल्लंघन के मामले में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र से कई को गिरफ्तार किया है जिन्हे बाद में पी आर बान्ड पर छोड़ा गया है.मिली जानकारी के अनुसार बर्मामाईन्स थाना में सअनि रविकांत सिंह के बयान पर इन्दु दास,सौरभ राउत,संतोष सिंह के खिलाफ लाक डाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है जिन्हे सिद् कान्हु बस्ती से पकड़ा गया था.बिरसानगर थाना में दंडाधिकारी धिरेन्द्र कुमार सिन्हा के बयान पर सत्यनारायण राजू ,मनोज गोप,नेपाल गोल ,संजय कुमार बानरा,रवि कुमार,अनुभव के खिलाफ लाक डाउन का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.गोविन्दपुर थाना में दंडाधिकारी धीरेन्द्र कुमार के बयान पर अमरनाथ तिवारी,प्रितम सिंह, जगदीश पंडित, कोडो क्रर्वर्तो के खिलाफ लाक डाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.सोनारी थाना में दंडाधिकारी डाक्टर सुबोध जीतन हासंदा के बयान पर खेम चन्द्र अग्रवाल,विशाल राम,एम बाला राव,राजेन्द्र शर्मा,चंदन बागती,जे राणा राव,शिवधानी यादव,भरत सिंह के खिलाफ लाक डाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.

बागबेड़ा थाना में पुअनि अरुण कुमार महतो के बयान पर रुपेश कुमार,उतम खान,रुपलाल कुमार साहु,सोनु ,गोपाल मुन्डा,विशाल कुमार सिंह,लालु रजक,अमीत कुमार,रतन पुष्टि के खिलाफ लाक डाउन उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है.सभी को शाखा मैदान से पकडा गया था.डुमरिया थाना में सअनि नुरसेन टोप्पो के बयान पर मुकेश कुमार,विकास कुमार के खिलाफ लाक डाउन उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है .जिन्हे छोलागोडा में पकड़ा गया था गोलमुरी थाना में नंदश्वेरी प्रसाद के बयान पर मुकेश कुमार मिश्रा,अशोक कुमार सिंह,विजय कुमार,अब्दुल रहीम, मोहम्मद तशीफ ,विजय कुमार , अब्दुल रहीम,सेमीवन दादेल , इब्राहिम ,तनमय कुमार,जाना , मनदीप सिंह,राकेश कुमार गुप्ता , श्रवण कुमार विश्वकर्मा के खिलाफ लाक डाउन उल्घनं करने का मामला दर्ज किया गया है.साकची थाना में दंडाधिकारी महेश सिंह के बयान पर निशांत पटेल,सतीश कुमार केसरी ,भोला कुमार, आदित्या कुमार,अभिषेक कुमार,हर्ष कुमार ,समीर कुमार,रौशन कुमार श्रीवास्तव,नारायण दता,देवानंद मुर्म , बिनोद साहु ,सरोज चवाला,बबल साव,रंजन कुमार,परमजीत सिंह,अरविन्द साहु के खिलाफ लाक डाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.कदमा थाना मे दंडाधिकारी विक्की रवीस मुर्मु के बयान पर जसंवत सिंह,बिनोद कुमार,रिन्टु नंद सनोज,रंजीत कुमार,मिलन मांडी के बयान पर लाक डाउन उल्लघंन करने का मामला दर्ज किया गया है.

## दूसरे राज्यों में फंसे हुए मजदूर परिवारों के लिए डॉ गोस्वामी ने मुहैया करायी भोजन सामग्री



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के सहयोग से बहरागोड़ा प्रखंड के गोपालपुर पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज गोपालपुर गाँव में मोदी आहार का वितरण किया। दूसरे राज्यों में फंसे हुए प्रवासी मजदूरों के 58 परिवारों को भोजन सामग्री मुहैया कराया गया। पश्चिम बंगाल की सीमा पर अवस्थित इस गांव के अनेक युवा मजदूर दक्षिणी राज्यों में काम करते हैं तथा लॉक डाऊन के दौरान ये प्रवासी मजदूर वहीं फंसे हुए हैं। मोदी आहार के रूप में चावल, दाल, आलू, नमक, भिन्डी, कोंहड़ा तथा डिटॉल साबुन प्रदान किया गया।

डॉ गोस्वामी लगातार दूसरे राज्यों के भाजपा नेताओं से संपर्क कर वहां स्थित झारखंड के प्रवासी मजदूरों को सहायता दिलाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं डॉ गोस्वामी के सहयोग से बहरागोड़ा विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में विगत 30 दिनों से लगातार गरीबों के बीच मोदी आहार का वितरण किया जा रहा है। भोजन सामग्री वितरण में प्रमुख रूप से गोपाल नायक,सूर्य मुर्मू, गणेश हाँसदा, रसानंद नायक, कृष्ण नायक , खोकन दंडपाट, श्रीपति नायक, हीरक नायक, अरूण साव, सुजीत नायक, लखन घोष, मिहिर नायक, पिन्टु भक्त, कर्ण नायक तथा यादव पात्र शामिल थे।

# शहर में मनी भगवान श्री परशुराम जयंती

## ऑनलाइन आरती के बाद हुई धर्मसभा




**जमशेदपुर, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव मनाया. पुरोहित और साधुओं ने बाबा भूतनाथ मंदिर में वैदिक परंपरा अनुसार भगवान परशुराम का पूजन किया. संघ के सदस्य लॉकडाउन के मद्देनजर ऑनलाइन आरती में शामिल हुए. इस दौरान मंदिर में 108 दीप प्रज्ज्वलित हुए, वहीं संघ के सदस्यों ने भी अपने घरों में शनिवार शाम दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान परशुराम का पूजन किया. पूजनोपरांत ऑनलाइन धर्मसभा का आयोजन हुआ जिसमें आये दिन देशभर में साधु, संतों और ब्राह्मणों पर हो रहे हमले के विरोध में ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने आक्रोश व्यक्त किया. इस दौरान अप्पू तिवारी, अरुण शुक्ला, अभिषेक ओझा, विजय तिवारी, हृतिक चौबे, दिलीप पांडेय, पवन ओझा, सन्तोष जोशी, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, सुनील शर्मा, अर्जुन मिश्रा, सूरज ओझा, प्रशांत पांडेय, विकाश तिवारी समेत भूतनाथ मंदिर में अयोध्या और हरिद्वार से आये साधु संत भी मौजूद थे.

## ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने मनाया परशुराम का प्राकट्योत्सव

## लॉकडाउन : झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ ने भगवान परशुराम जयंती घरों में मनाने की अपील




**जमशेदपुर, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डा. पवन पांडेय ने लॉक डाउन के मद्देनजर भगवान परशुराम की जयंती आज अपने घर पर ही मनाया. हालांकि संघ की ओर से सभी सदस्यों से अपने घरों में ही इसे मनाने की अपील की गई थी. डा. पांडेय ने भगवान से यह प्रार्थना की कि इस कोरोना महामारी से हिन्दुस्तान सहित पूरे विश्व की रक्षा करें. उन्होंने सभी सदस्यों से भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए लोगों में मास्क व साबुन वितरण करने का आग्रह किया.

### भाजपाइयों ने मनाई परसुराम जयंती



भाजपा के वरिष्ठ नेता जटाशंकर पांडे के डिमना रोड मानगो आवास पर भारतीय जनता पार्टी परिवार की तरफ से भगवान श्री परशुराम जी की जयंती मनायी गयी. भाजपा के वरिष्ठ नेता जटाशंकर पांडे, चितरंजन वर्मा, विकास सिंह, अजीत सिंह,कन्हैया ओझा, छोटेलाल सिंह, उमेश सिंह ,अजय कुमार,रामअवधेश चौबे सहित कार्यकर्ताओं ने भगवान श्री परशुराम के चरणों में शीश झुका करके आशीर्वाद मांगा हिंदुस्तान से कोरोना का खात्मा हो.

## झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यालय मे भगवान श्री परशुराम जयंती मनी



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** साकची ह्यूम पाइप स्थित झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ के कार्यालय मे भगवान श्री परशुराम जयंती केन्द्रीय महासचिव अशोक पांडेय के नेतृत्व मे मनाया गया. संघ के सदस्यों ने भगवान परशुराम से कोरोना का प्रकोप दूर करने की प्रार्थना की. मौके पर अशोक पांडेय, उमेश पांडेय, शम्भु मुखी, विकाश पांडेय, यशवंत राज, श्रीकांत मिश्रा आदि उपस्थित थे.

### जरुरतमंद को बीच राशन वितरण



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** लॉक डाउन से प्रभावित जरुरतमंद लोगों के लिए बागबेड़ा गुरुद्वारा कमेटी द्वारा बिस्टुपुर राम मंदिर, साकची मस्जिद के नजदीक एवं मानगो क्षेत्र मैं जरुरतमंद लोगों के बीच 300 लंगर पैकेट का वितरण किया . इस लंगर को बनाने में स्त्री सत्संग सभा की महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई मौके पर उनका हौसला बढ़ाने के लिए झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह उनके साथ रहे . इस अभियान में बागबेड़ा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान महेंद्र सिंह, महासचिव बलकार सिंह, प्रीतम सिंह, जगजीत सिंह, स्त्री सभा की प्रधान जोगिंदर कौर , मनजीत कौर, जगजीत कौर ,जसवंत कौर , जसबीर कौर आदि शामिल थे ।

### गम्हरिया में सिख नौजवान सभा ने बांटा राशन

**जमशेदपुर 25 अप्रैल सवांददाता :** गम्हरिया क्षेत्र में सिख नौजवान सभा एवं परिवर्तन संस्था ने संयुक्त रूप से 20 लोगो को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई साथ ही कोरोना महामारी से जागरूकता के तहत लोगो को साबुन एवं घरो में बने मास्क भी दिये एवं लोगो को बार बार अच्छे से हाथ धोना ,मास्क का इस्तेमाल एवं सोशल डिस्टेन्स बना के रखने की जानकारी भी दी,जैसा कि ज्ञात कोरोना महामारी को लेकर लॉक डाउन किया गया है,जिसमें सेन्ट्रल सिख नौजवान सभा और परिवर्तन संस्था अपने स्तर से जरूरत मंदो की सेवा में लगी है,इसी कड़ी में आज संयुक्त रूप से जरूरत मंद लोगो को रासन उपलब्ध करवाया . इस सेवा कार्य मे मुख्य रूप से सेन्ट्रल सिख नौजवान सभा के महासचिव इंदरजीत सिंह,वाईस चेयरमैन चंचल भाटिया,सीनियर मीत प्रधान हरविंदर सिंह, परिवर्तन संस्था की रश्मि भारद्वाज एवं कुमारेश उपाधयाय,हरपाल सिंह,प्रीतपाल सिंह,सतपाल सिंह गांधी, जसपाल सिंह आदि का सहयोग रहा.

# सामाजिक संस्थाओं ने राशन वितरण किया

### सिख नौजवान सभा ने बांटी सामग्री



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :**बिरसानगर गुरुद्वारा साहिब में वैशाखी पर्व को मुख्य रखते हुए अरदास के उपरांत कोरोना के दौरान लॉकडाउन के कारण उन जरूरतमंद परिवारों के लिए जो किल्लत एवं खाद्य सामग्री की कमी से जूझ रहे हैं उनके लिए खाद्य सामग्री का पैकेट तैयार किया गया एवं उनके बीच वितरण के लिए घर-घर पहुंचाया गया खाद्य सामग्री की जरूरत को कुछ हद तक पूरा किया जा सके यह लोगो को काफी परेशानी को देखते हुए द्वारा प्रबंधक कमेटी ने कदम उठाया कहां की किसी को भी मुसीबतों का सामना ना करना पड़े

चावल अटा तेल अल्लू प्याज आदि समग्री दी गई ऐसे मौके में सिख नौजवान सभा सिख यूथ ब्रिगेड के सदस्य गण अत: मौके में सेवा में हिस्सा डालने पहुंचे बारिडिह गुरुद्वारा के सुखविंदर सिंह महासचिव उन्होंने काफी सहारना की हमारे नौजवान सीख भाइयों की जो ऐसी समय में एक योद्धा कि तरह सेवा में लगे है.

### 'कोशिश' कर रही कॉलोनी को सेनेटाइज

स्वयंसेवी संस्था 'कोशिश' द्वारा लोगों में भोजन वितरण के साथ-साथ क्षेत्र को सेनेटाइज करने का कार्य भी किया जा रहा है. इस क्रम में गोलमुरी के न्यू केबुल टाउन क्षेत्र में छिड़काव किया गया. इस सेवा कार्य में शिवशंकर सिंह, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, राकेश गिरी, शैलेन्द्र प्रसाद, नवजोत सिंह सोहल, रोहित सिंह, हन्नी परिहार, बंटी सिंह, पप्पू कुमार, प्रेम झा सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय रहे.

---

### 11 हजार जरुतमन्दों तक पहुंचाया राशन



**वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी**

सामाजिक संस्था वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी ने लगातार तीस दिनों तक अभियान चलाकर शहर के स्लम में रहनेवाले व ग्रामीणों के बीच 11 हजार जरूरतमन्दों तक राशन पहुंचाया. हालांकि संस्था के सदस्य गत 5 सालों से लगातार 'मिशन अन्नपूर्णा' के माध्यम से गरीबों को हर रात फुटपाथ पर सोनेवाले को भोजन मुहैया कराती आ रही है. उक्त अभियान मे टीम के हरि सिंह, शम्भू चौधरी, मोहन, अजय, मनीष, सन्दीप, सूरज, पंकज, चन्दन, मुकुंद, अजितेश, रौशन, रुद्रप्रताप, अभिषेक, गगनदीप, पुनीत,रौनक, ऋषभ, साकेत, पुरोषत्तम, रिपन व अन्य का साथ रहा.

---

### सरयू किचन से एक माह में बंटे 1.39 लाख पैकेट



जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के माध्यम से संचालित 'सरयू किचन' आज लगातार 30वें दिन भी जारी रहा. आज यहां से 5200 पैकेट खाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया गया. गत एक माह में सरयू किचन से अब तक कुल एक लाख 39 हजार 390 पैकेट भोजन जरूरतमंद लोगों तक उपलब्ध कराया जा चुका है. यह भोजन जमशेदपुर पूर्वी तथा जमशेदपुर पश्चिमी दोनों विस क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जा रहा है. 'सरयू किचन' की व्यवस्था स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल संभाल रहे हैं, जबकि भोजन बनवाने, पैकिंग और वितरण का जिम्मा ट्रस्टी आशुतोष राय के हाथों है. इसके संचालन में बीके स्टील गम्हरिया, फ्रेंड्स ऑफ ट्राईबल सोसायटी के दिलीप गोयल एवं सुनील बागडोरिया तथा उद्योगपति रमेश अग्रवाल का योगदान रहा.



### असंगठित कामगारों को दिया राशन

कांग्रेस के कोल्हान प्रवक्ता राकेश तिवारी ने आज आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में असंगठित कामगारों के बीच एक महीने का राशन वितरित किया. उन्होंने कहा कि इस विकट परिस्थिति में असंगठित क्षेत्र के गरीब कामगार मजदूर सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं. इसलिये उनका सहयोग करना आवश्यक है. राशन वितरण कार्यक्रम में आदित्यपुर नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे.

---

### काशीडीह में 50 जरूरतमंदों में बंटा राशन

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की ओर से जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में शनिवार को काशीडीह लाइन नंबर एक बगान नंबर तीन में 50 जरूरतमंदों के बीच में खाद्य सामग्री चावल, आटा, आलू का वितरण किया गया. इस सेवा कार्य में सुरेश कुमार, संजय शाह, सुदामा साव, आदित्य साह, दीपक साह, श्रवण



साह, मनोज साव, आलोक रंजन, सुमित कुमार



आदि उपस्थित थे.

---

'नमन' परिवार द्वारा आज निरंतर 26वें दिन भी स्लम बस्तियों, बेघरों, निर्धन परिवारों के बीच प्रतिदिन दोपहर का भोजन वितरित किया जा रहा है. अन्न सेवा में भोजन पकाने से लेकर इसके वितरण तक में हाइजीन का पूरा ख्याल रखा जाता है, जिसकी निगरानी स्वयं संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले की देखरेख में उनके नेतृत्व में होता है. भोजन वितरण करते समय सोशल डिस्टेंस का पालन किया जाता है. इस कार्य में अपनी सेवा देनेवालों में अखिलेश पांडेय, जुगुन पांडे, प्रिंस, घनश्याम भिरभरिया, अभिषेक पांडेय, बिभाष, बिनोद, पिन्टु, शैलेश दोषी, सचिन शर्मा, पिंटू साव, विशाल सिंह, बंटी वर्मा, सूरज चौबे, विवेक कामत, मोहन दास, मार्टिन, शुरू पात्रो, सुदेश मुखी, शशि मुखी, कोला मुखी, जानी भुईयां, मनीष कुमार प्रसाद, नंदकिशोर मुंडा, संतोष रजक, शंभू झा, चंदन सिंह, गणेश सिन्हा, किरण चौहान, अमरेन्द्र कुमार, पूजा सिंह, श्रीराम साव, मोनी दास, राज सिंह, राज पासवान, अनुज, कोला मुखी, शुभम, विक्की के अलावा नमन परिवार के अन्य सक्रिय सदस्य भी शामिल हैं.

## मृगेंद्र सेवा संघ और वरिष्ठ भाजपाइयों ने जरुरतमंदों को दिया राशन



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** मृगेंद्र प्रताप सिंह सेवा संस्थान एवं भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता समिति के संयुक्त तत्वाधान में दाई गुट्ठ कुंवर बस्ती के 101 जरूरतमंद परिवारों को चावल दाल आलू सरसों तेल नमक जैसे खाद्य पदार्थ 1 सप्ताह के राशन उपलब्ध कराया गया इस दौरान मृगेंद्र प्रताप सेवा संस्थान के संरक्षक अभय सिंह उज्जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय तिवारी, विनोद सिंह की योगदान रहा.कार्यक्रम को सफल बनाने में अभय सिंह विनोद सिंह विजय तिवारी दिलीप सिंह विनोद राय राजहंस तिवारी राजीव सिंह दिनेश सिंह नित्यानंद सिन्हा छोटू पंडित रविंद्र सिंह अनिमेष सिन्हा नरेश यादव नीलकमल शेखर और जीतू पांडे का सक्रिय सहयोग रहा .

## बिरसानगर में 50 परिवार के बीच चावल वितरण



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** एंटी करप्शन एंड क्राइम ब्यूरो ऑफ इंडिया( एनजीओ) कोल्हान के सहायक निदेशक अधिवक्ता अनिल शर्मा के द्वारा,बिरसानगर जोन नंबर 2 में,लॉक डाउन के मद्देनजर गरीब और जरूरतमंद 50 परिवारों के बीच में चावल वितरण किया गया.इस मौके पर सिविल कोर्ट के अधिवक्ता जयप्रकाश भगत,पत्रकार सुशील शर्मा,राहुल कुमार शर्मा तथा बस्ती के कार्यकर्ता मौजूद थे

## कृष्णा सिंह 31 दिनों से कर रहे भोजन वितरण



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** भारतीय मजदूर संघ के कोल्हान अध्यक्ष कृष्णा सिंह अपने साथी का कुली हादसा नेहा हादसा, लक्ष्मी बारी और अरुण गोराई बोदरा के साथ लगातार 31 दिन बिरसानगर क्षेत्र में भोजन वितरण कर रहे हैं।

## टिनप्लेट यूथ ने जरुरतमंदों की मदद



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** टिनप्लेट यूथ द्वारा लॉक डाउन से प्रभावित परिवार वालों की सूची तैयार कर उसके आधार पर टिनप्लेट में जरूरतमंदों को राशन मुहैया कराया गया। इस कार्य में शमशाद खान का साथ रामप्रकाश, सुदीप राय ,स्वरूप सरकार, दिव्या। अभिषेक। संजय ,अरबाज ,संभा राजू, संदीप और अन्य साथियों ने किया।

---



उत्तरी कीताडीह के उप मुखिया संदीप शर्मा बॉबी की ओर से जरुरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री किट उपलब्ध कराया गया, जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल, नमक, साबुन आदि थे. इस कार्य में उन्हें सिमरन, अनुष्का, हिमांशु, निशांत, तनिषा, इशिता ने सहयोग किया.

# बोकारो में चार कोरोना संक्रमित हुए ठीक, अस्पताल से मिली छुट्टी

## जिला प्रशासन ने गुलदस्ता सौंपकर दी विदाई



**बोकारो 25 अप्रैल संवाददाता :** कोरोनावायरस को लेकर बोकारो जिले के लिए आज एक सुखद समाचार रहा बोकारो जिले में जो पहली कोरोनावायरस मरीज महिला जो कि चंद्रपुरा के तेलों की रहने वाली थी उस महिला के सहित उसके परिवार के 3 लोगों को आज कोरोनावायरस जंग जीतने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

इनमें दो बच्चे शामिल है जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को खिलौने और गुलदस्ता साथी जो दो और मरीज उनको गुलदस्ते के साथ स्वागत किया गया आपको बता दें की पहली मरीज बोकारो जिले में जो मिली थी उसका संबंध बांग्लादेश से जमात में शामिल होने की बात आ रही थी उसके बाद आज वह कोरोना से जंग जीतकर अपने परिवार के तीन सदस्यों के साथ जिला प्रशासन के द्वारा बस से अपने घर सकुशल भेजा गया इस मौके पर जिले के उपायुक्त सहित सभी आला अधिकारी एवं बोकारो जनरल अस्पताल के भी अधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे सभी ने उनका तालियां बजाकर स्वागत किया और कोरोना से जंग जीतने वाले उन मरीजों की हौसला अफजाई की गई ।

# कांड्रा एसकेजी कॉलोनी स्थित सोलर जलमीनार से जलापूर्ति शुरू, ग्रामीणों में हर्ष



**गम्हरिया 25 अप्रैल :** कांड्रा एसकेजी कॉलोनी स्थित सोलर जलमीनार की मरम्मति होते ही षनिवार से जलपूर्ति शुरू हो गई। जलापूर्ति षुरू होते ही ग्रामीणों में खुषी देखी गई। विदित हो कि बीते कई माह से जलमीनार में आई खराबी के कारण जलपूर्ति ठप पड़ा था। लोगों को पानी के लिए काफी परेषानियों का सामना करना पड़ता था।

कांड्रा पंचायत की मुखिया शंकरी सिंह ने ग्रामीणों को हो रही परेषानी को देखते हुए पहल कर सोलर जलमीनार को ठीक कराने में मदद की। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत के अंतर्गत जितने भी नल है उसका मरम्मतिकरण कराकर लोगों के लिए चालू कर दिया गया है ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

# छात्र जीवन और रोजगार पर रहेगा कोरोना का दीर्घकालिक प्रभाव



युद्ध और वैश्विक महामारियां मानव मन और उसके पूरे भविष्य को गंभीर व दीर्घकालिक रूप से परिवर्तित कर देती हैं। वर्तमान समय में कोरोना एक वैश्विक महामारी बन चुकी है, और निश्चित तौर पर वह भी मानव मन पर लघुकालिक एवं दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ जाएगी। कुछ लोगों का जीवन तो सदैव के लिए ही बदल जाएगा। कोरोना के प्रभाव केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं। यह प्रभाव सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, राजनीतिक और सबसे प्रमुख आर्थिक तक विस्तृत हो गए हैं। COVID-19 महामारी के दीर्घकालिक प्रभाव से बच्चें भी अछूते नहीं रहने वाले। इसका दुष्प्रभाव बच्चों पर भी होगा। स्कूली और कॉलेज स्टूडेंट्स पढ़ाई में पिछड़ेंगे। शायद स्थायी रूप से जीवन में अवसरों को सीमित कर देगा, यहां तक कि कुछ को ही आगे बढ़ने का अवसर मिल सकेगा। स्कूल और कॉलेज बंद होने से बच्चों और युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिसमें बाधारहित सीखने और मानवीय संपर्क शामिल है, जो सामाजिक और व्यवहारिक विकास के लिए अतिआवश्यक है।

युवाओं को विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं में वृद्धि का खतरा है। लंबे समय तक लॉकडाउन के परिणामस्वरूप नौकरी में कटौती होगी और कई लोगो को विशेष रूप से दिहाड़ी मजदूरों को बेरोजगारी के संकट का सामना करना पड़ सकता है। कुछ छात्रों को अपने माता-पिता की मदद करने के लिए स्कूलों से ड्रॉपआउट भी होना प? सकता है। हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि जो छात्र समय की विस्तारित अवधि के लिए स्कूल से बाहर होंगे, उनके स्कूलों में दोबारा आने की संभावना बहुत कम है (विशेषकर लड़किया)। छात्रों को व्यस्त रखने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां संकट में एक सकारात्मक संबल साबित हो रहा हैं। भारत ने डिजिटल लर्निंग में पिछले दो-तीन हफ्तों में देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान सराहनीय वृद्धि देखी है। मुख्य रूप से मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा लॉकडाउन के प्रभावों को कम करने और इस अवधि के दौरान सीखने के लिए छात्रों को निरंतर पहुंच प्रदान करने के प्रयासों को सराहा जा रहा है। स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों ने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ऑनलाइन कक्षाओं के विभिन्न तरीकों और अध्ययन सामग्री को साझा करना शुरू कर दिया है। इनमें जूम, स्काइप, गूगल हैंगआउट, गूगल क्लासरूम और पियाज़ा जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से संचालित ऑनलाइन कक्षाओं से लेकर व्हाट्सएप, यूट्यूब के माध्यम से व्याख्यान और कक्षा के नोट्स अपलोड करने वाले शिक्षक, स्वयं, NPTEL जैसे डिजिटल शिक्षण संसाधनों के लिंक साझा करते हैं और ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच प्रदान करते हैं।

शिक्षण संस्थानों के बंद होने से छात्रों पर काफी असर पड़ा है, मुख्यत: समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों पर। जैसा कि देखा जा सकता है, वायरस ने दैनिक आवश्यकताओं को ऑनलाइन उपयुक्तता में बदल दिया है। वहीं वंचित वर्ग को अपने नियमित जीवन से काट दिया है, खासकर जब शिक्षा की बात आती है। जब हम बदलते परिदृश्य में सीखने के तरीकों में बदलाव की वकालत करते हैं, हम ये भूल जाते है की भारत में आर्थिक रूप से वंचित छात्रों के लिए चुनौतियां केवल इसलिए बढ़ी हैं क्योंकि वे डिजिटल लर्निंग कार्यक्रमों के लिए सुसज्जित नहीं हैं। आवश्यक हार्डवेयर और सुविधाओं की कमी के कारण अधिकांश छात्र डिजिटल लर्निंग में भाग नहीं ले पा रहें। अब सवाल यह उठता है कि इन छात्रों की शिक्षा का क्या होगा? क्या वे पीछे रह जाएंगे? हमेशा के लिए? इन बिन्दुओ पर चर्चा जरुरी है। इसमें ससमय सुधार हेतु सरकार के स्तर से भी जरूरी प्रयास होने चाहिए। जब माहमारी खत्म होगी, हर वर्ग के बच्चे कक्षा में एक साथ जुड़ेंगे लेकिन इनमें एक वर्ग शायद पीछे छूट जायेगा और दूसरा आगे निकल जायेगा। लघु उद्योगों में काम करने वाले लोग तथा दूसरे प्रदेशों में नौकरी करने वालों के लिए भी आने वाला समय चुनौतियों से भरी रहेगी।

**कामिनी सिंह**
**पर्यावरण, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता।**

# वैश्विक नैतिक बुनियाद, वैश्विक महामारी रोकथाम के लिए



प्रो. चंद्रेश्वर खां, प्रबंध सलाहकार एवं प्रबंध प्रशिक्षक

कहा जाता है कि लोभी की नगरी में ठग कभी भूखा नहीं मरता! सत्य निष्ठ, प्रेमी, पवित्र, नि:स्वार्थ व्यक्ति को भले ही कठिनाई होती रहे। जब विश्व पर बाजार भारी पर जाता है तो बाजार मानवता के शोक, दुख, संताप को अपना अवसर मानने लगता है। उपर से उसे कुलुषित भाव उपजती रहती है कि विश्व बाजार में येन केन प्रकारेण अपना वर्चस्व बनाया जाय, इसी का एक जीता जागता उदाहरण है कि हम सभी बोल उठते है कि हमें गला घोटू प्रतियोगिता में किसी प्रकार आगे बढ़ना है। यअद हम संसाधनों का नीतिगत नैतिक बल पर उपयोग करते हुए आगे बढ़ते हैं तो इसमें कोई हर्ज नहीं है और हम अपनी सृजनशक्ति और रचना धर्मिता के आधार पर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन ऐसा होता नहीं है। हम जल्दी से जल्दी अधिक लाभ के लिए मावनता को भूल कर, नीति, नैतिकता, मूल्यों को त्याग कर, बेईमानी के अंतहीन डगर पर नगर-नगर, देश, देशांतर फैल जाते हैं। सामान बेचते बेचते लोगें के सम्मान को खरीद लेते हैं, मूल्यों को कस्ट देकर नष्ट कर देते हैं और फिर जान, जहान से खेलवार करने लगते हैं। जान के लिये आदमी अपना सबकुछ त्यागने के लिये तैयार हो जाता है। आज दुनिया जिस मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है, वह वास्तव में एक धीरे-धीरे चलेनवाली, लेकिन सोची समझी रणनीति का हिस्सा मालूम पड़ता है कि मानवता को इतना तबाह और डरा दिया जाये कि उसे जितना लूटना हो उतना लॅटा जाय।

**प्राकृतिक आपदा बनाम कृत्रिम खेल**

आज हम सभी यह मान रहे हैं कि वायुमंडल, जल जमीन हमारे ठरह जाने से थोड़ा बेहतर हुआ है। यानी प्रकृति इशारा दे रही है 'थोड़ा ठहरो, थोड़ा रूको, थोड़ा सोचो, जितने की जरूरत है, उतना लो। हमारे गर्भ में बहुत छुपा है तुम्हे जिला कर रखने के लिये, लेकिन मेरे खजाने में बहुत कम है तुम्हारे लोभ को पूरा करने के लिये।'

समय चिंतन मनन का है। लेकिन साथ ही साथ हमें यह भी मानना है कि जब किसी के सिर में आग लग गया हो तो उसे कुंआ खोदने के लिये नहीं कहा जा सकता और न ही यह संभव है। अभी मानवता पर भारी संकट है, और मानवता मानो कराह रही है।

**मानवता की आह को चाहिए हमारी परवाह**

जब भी मानव की नस दुखती है तो उस पर परवाहपूर्ण ह्दय और हाथ जब ाता है तो असीम आनंद का अनुभव करता है और उसे एक 'दिव्य स्पर्श' की अनुभूति होती है। जब आग लगती है तो चोरो ओर से हवा बहने लगती है और एक छोटी सी चिंगारी प्रचंड ज्वाला का रूप क्षणभर में ले लेती है और जब वह आग प्रचंड हो जाती है तो बड़े-बड़े दमकल भी अपना दम हार जाते हैं।

**कोरोना एक कहर है, करूणा प्रेम की लहर है**

आज मानवता के सामने कोरोना एक कहर है के रूप में आया है और हम सब यह जान और मान गये हैं कि इसका मुकाबला हम अपने अडिग, दृढ संकल्प शक्ति, अपार संयम, अंतर्निहित सदाचार, निरंतर सदभावना के समुचित प्रवाह, आपसी सहयोग एक दूसरे के प्रति समर्पण, सही चीजों का साथ, संपूर्ण सत्यनिष्ठा, आपसी सत्कार जिससे हाहाकार की स्थिति न आये, पूरे अनुशासन के साथ राष्ट्र परिवार के सदस्य के रूप में करें। भारत एक विशाल पररिवार है, यह एक विशाल वटवृक्ष है जिसेके नीचे पूरी मानवता अपना पनाह पाती रही है और हमलोगों ने जो अनंत काल से कार्य को हमेशा पूर्ण करने का संकल्प लेते रहे हैं, उस संकल्प ने हमेशा हमें नया-नया विकल्प दिया है जिससे हम जो भी 'प्रकल्प' लेंगे उसे पूर्ण करने का संपूर्ण साहस रखते हैं।

आज कोरोना के कहर को हमें अपार, असीम 'करूणा से उत्पन्न प्रेम के लहर' से शांत करना है। हम कर रहे हैं, कर सकते हैं और करते रहेंगे। इस भावना के कोख में वैश्विक नैतिक बुनियाद पलती है।

# आईसीपीएमएसबी ने की फोटोजर्नलिस्ट रॉनी रॉय के निधन पर शोक व्यक्त



**कोलकाता 25अप्रैल :** इंडियन काउंसिल आफ प्रेस मीडिया एण्ड सैटेलाइट ब्राडकास्टिंग (आईसीपीएमएसबी) ने बांग्ला समाचारपत्र 'आजकल' के वरिष्ठ स्पोर्ट्स फोटोजर्नलिस्ट रॉनी रॉय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। आईसीपीएमएसबी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि रॉनी दा के साथ काम करना बेहद सकरात्मक था। वह हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। रणजय रॉय को लोग आमतौर पर रॉनी राय के नाम से ही जानते थे। वह 57 वर्ष के थे।राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रॉनी रॉय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा-विशिष्ट फोटोजर्नलिस्ट रणजय रॉय (रॉनी) के निधन पर मैं गहरा शोक व्यक्त करती हूं। वे करीब 25 वर्षों से आजकल समाचारपत्र से जुड़े हुए थे। उनके निधन से फोटो पत्रकारिता जगत में शून्यता की सृष्टि हुई है। मैं रणजय रॉय के परिजनों और उनका अनुसरण करने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं।

पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रॉनी रॉय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई और उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके निधन पर कोलकाता के फोटोग्राफर संगठनों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

# आजसू के केन्द्रीय सचिव प्रो रविशंकर ने किया खाद्यान्न वितरण



**गम्हरिया 25 अप्रैल :** आजसू के केंद्रीय सचिव प्रोफेसर रविशंकर ने लॉक डाउन में फसे प्रवासी मजदूरों, एवं गम्हरिया क्षेत्र के मजदूरों के बीच २०-२० किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण किया। इस मौके पर उन्होने सभी से कोरोना वायरस से बचने के लिए मास्क लगाने, व अपने घर में सुरक्षित रहने की अपील की। उन्होने प्रवासी मजदूरों को आगे भी मदद करने का आष्वासन देते हुए किसी तरह की समस्या होने पर उनसे संपर्क करने की अपील किया है।

# गोपाल कृष्ण विकास मंच ने किया जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरण



**गम्हरिया 25 अप्रैल :** गोपाल कृष्ण विकास मंच गम्हरिया की ओर से भगवान कृशण की पूजा अर्चना कर कोरोना वायरस को नाष करने की कामना की। इस दौरान मंच की ओर से जगन्नाथपुर गांव में गरीब, असहाय तथा जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्यरूप से उपस्थित मंच के अध्यक्ष ई एस बी सिह तथा सचिव ष्याम सुंदर सिह यादव ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन में लोगों की हो रही परेषानियों को देखते हुए मंच की ओर से खिचड़ी वितरण षरू किया गया है। उन्होने कहा कि मंच की ओर से आगे भी खिचड़ी वितरण किया जाएगा। इस दौरान मंदिर निर्माण पर भी चर्चा की गई। इस क्रम में दो सौ से अधिक लोगों के बीच खिचड़ी विततरण किया गया। इस मौके पर मंच के संरक्षक सह राजद नेता अर्जुन प्रसाद यादव, बी डी राय, योगेंन्द्र यादव, फुलेना यादव, अरविन्द यादव, राजीव यादव, राज कुमार यादव, गांधी राय, आषुतोश राणा, इन्द्रजीत सिह, राहुल सिह, रामेष्वर सिह यादव, कामेष्वर सिह, राम एकबाल सिह, सुरेन्द्र यादव, पिंटू यादव, षंभू षर्मा, बरूण कुमार, महिला मंच के उपाध्यक्ष पूजा यादव समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# लॉकडाउन में छूट : गांवों-शहरों में हेयर सैलून रेस्टोरेंट, शराब की दुकानें और मॉल बंद ही रहेंगे

## सिर्फ सामान बेचने वालों और आस-पड़ोस की दुकानों को छूट

**हेयर सैलून और रेस्टोरेंट सेवाएं देते हैं, नया आदेश सिर्फ सामान बेचने वाली दुकानों पर लागू**

**कोरोना के हॉटस्पॉट और कंटेनमेंट जोन में आने वाली सभी दुकानें बंद रखनी होंगी**

**नई दिल्ली 25अप्रैल :** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को आदेश जारी कर लॉकडाउन में कुछ रियायत दी, लेकिन इस पर भ्रम पैदा होते ही शनिवार को सफाई भी दी। शनिवार के आदेश में कहा गया कि आज से गांवों और कस्बों में शॉपिंग मॉल, हेयर सैलून और रेस्टोरेंट को छो?कर बाकी दुकानें खुल सकेंगी। शहरों में सिर्फ रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, कॉलोनियों के आसपास की दुकानें और स्टैंड-अलोन शॉप्स (अलग-थलग सिर्फ एक दुकान हो) को ही खोलने की इजाजत दी गई है। शराब, सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की बिक्री पहले की तरह हर जगह प्रतिबंधित रहेगी। उन इलाकों में दुकान नही खुलेंगी, जिन्हें कोरोना हॉटस्पॉट माना गया है या कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

गृह मंत्रालय ने कुछ शर्तें भी रखीं। जैसे- दुकानों में सिर्फ 50 फीसदी स्टाफ के साथ काम होगा। ये सभी लोग मास्क लगाएंगे और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे। सभी दुकानें संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना अधिनियम के तहत रजिस्टर्ड होनी चाहिए।

**गृह मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी पुण्यसलिला श्रीवास्तव ने फैसले के बारे में बताया...**

पहले वाले आदेश पर राज्यों में भ्रम की स्थिति थी

गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को जो आदेश जारी किया था, उसमें अंतिम फैसला राज्य सरकारों पर छोड़ा था। ऐसे में कई राज्यों में इसे लेकर भ्रम की स्थिति बन गई। उनका कहना था कि वे इस पर चर्चा के बाद ही कोई फैसला करेंगे।

गृह मंत्रालय ने दुकानों को छूट देता आदेश शुक्रवार रात 11:40 पर जारी किया था। शनिवार सुबह 11 बजे इस पर एक क्लैरिफिकेशन जारी किया।

**सवाल-जवाब से समझिए पूरा मामला**

**1) क्या सभी तरह की दुकानों को खोलने की छूट है?**

नहीं। शराब, तंबाकू उत्पाद की दुकानें, हेयर सैलून, किसी भी तरह के रेस्टोरेंट, सिंगल ब्रांड या मल्टी ब्रांड मॉल्स खोलने की कहीं भी इजाजत नहीं है। कंटेनमेंट जोन में तो कोई भी दुकान नहीं खुलेगी। गृह मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी पुण्यसलिला श्रीवास्तव ने कहा कि हेयर सैलून सेवाएं देते हैं। नया आदेश सिर्फ सामान बेचने वाली दुकानों पर लागू है। सैलून, शराब की दुकानें, किसी भी तरह के रेस्टोरेंट खोलने की इजाजत नहीं है।

**2) फिर गृह मंत्रालय के शुक्रवार के आदेश से क्या फर्क पड़ेगा?**

पहले दूध, फल, सब्जी, राशन, मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप, आटा चक्की, मोबाइल रिचार्ज जैसे जरूरी दुकानों को ही खोलने की इजाजत थी। अब कुछ गैर-जरूरी सामानों को बेचने वाली दुकानें भी खुल जाएंगी। हालांकि, इसके लिए सरकार ने कुछ शर्तें रखीं हैं।

**3) दुकान खोलने के लिए जरूरी शर्तें क्या हैं?**

दुकान पर सिर्फ 50 फीसदी स्टाफ ही काम करेगा। ये सभी लोग मास्क लगाएंगे और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे। केंद्र शासित प्रदेश या राज्य के स्थापना अधिनियम के तहत इन दुकानों का रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।

**4) क्या देशभर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बाजार खुलेंगे?**

**गांव-कस्बा:** यानी नगर निगम या नगरपालिका की सीमा से बाहर मार्केट कॉम्पलेक्स खुल सकेंगे। अगर कॉम्पलेक्स सैलून, रेस्टोरेंट या शराब की दुकान है तो वह नहीं खुलेगी। गांव-कस्बों में बाजार की दुकानें भी खुलेंगी।

**शहर:** यहां आस-पड़ोस और रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में मौजूद दुकानें और स्टैंड-अलोन (कोई एक दुकान जो अलग-थलग हो) ही खुलेंगी। शहरी सीमा से मतलब नगर निगम या नगरपालिका के अधीन आने वाला क्षेत्र है।

**5) क्या मॉल खुलेंगे?**

नहीं, किसी सिंगल या मल्टी ब्रांड मॉल को खोलने की इजाजत कहीं भी नहीं दी गई है।

**6) क्या यह आदेश देश के हर इलाके के लिए है और राज्य इसमें फैसले ले सकेंगे?**

नहीं, हॉटस्पॉट और कंटेनमेंट जोन के लिए यह छूट नहीं है। यहां दुकानें अभी बंद रहेंगी। राज्य अपने हिसाब से इसमें फैसले ले सकते हैं।

**7) ये छूट देने के पीछे वजह?**

सरकार चाहती है कि छोटे कारोबारियों का नुकसान न हो, लोगों को दिक्कतें न हों, धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। शनिवार से रमजान की शुरुआत हो गई है, इसके पीछे एक वजह मानी जा रही है।

# लॉकडाउन मे जरूरतमंदों को नहीं करना पड़ेगा परेशानी का सामना : बीडीओ

## सांसद अधीर रंजन चौधरी की ट्यूट पर कार्रवाई, 50 प्रवासी मजदूरों को मिला खाद्यान्न



**गम्हरिया 25 अप्रैल :** जिला प्रशासन की ओर से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवार जिनके पास किसी कारणवश राशन कार्ड नहीं है उनके बीच भी राशन का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान दूसरे राज्यों एवं जिलों से आये लॉकडाउन के दौरान प्रभावित लोगो के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवशयक प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन के इन सफल प्रयासों से हर क्षेत्र के जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस क्रम षनिवार को गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी ठाकुर गौरीशंकर षर्मा द्वारा पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूर जो प्रखंड मे कार्यरत है तथा उनके पास राशन ना होने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने तत्काल संज्ञान में लेते हुए शकीरूल आलम समेत कुल ५० लोगों को एक साथ राशन मुहैया कराया गया। ज्ञात हो कि सभी ५० मजदूर पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला के निवासी हैं जो प्रखंड के छोटा गम्हरिया गांव में मजदूर के रूप में कार्य करते हैं। लॉक डाउन की वजह से वह अपने घर नहीं जा पाए तथा बाद में उन्हें राशन की परेशानी हो रही थी। इस संबंध में पष्चिम बंगाल के सांसद अधीर रंजन चौधरी द्वारा की गई टयूट कर सरकार को सूचना दी गई। प्राप्त सूचना के आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गम्हरिया द्वारा संज्ञान में लेते हुए सभी को चावल, आटा, चाल, चीनी, सत्तू, चना, आलू, नमक आदि खाद्यान्न मुहैया कराया गया।

# कोरोना संकट के बीच केंद्र ने एयर कंडीशनर के इस्तेमाल करने को लेकर जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली 25अप्रैल :** कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए देशभर में लॉकडाउन लागू है। यह लॉकडाउन अभी 3 मई तक के लिए है। इस बीच केंद्र सरकार ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के बीच घरेलू एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करते हुए 24-30 डिग्री सेंटीग्रेड के आदर्श तापमान को बनाए रखा जाना चाहिए। शुक्रवार को घरों और ऑफिस में एसी के उपयोग के बारे में एक सलाह जारी करते हुए केंद्र ने कहा कि सापेक्ष आर्द्रता 40-70 प्रतिशत के बीच रहनी चाहिए।

इस गाइडलाइन को इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनर इंजीनियर्स द्वारा अध्ययन करके तैयार किया गया, जिसे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा साझा किया गया था।

**गाइडलाइन तैयार करने वाली टीम में थे ये लोग**

इस गाइडलाइन के दस्तावेज को तैयार करने में, एक कोविड-19 टास्क फोर्स ने देश की जलवायु परिस्थितियों से संबंधित जानकारी को निकाला, और फिर उनका विश्लेषण किया। दस्तावेज तैयार करने वाली टीम में शिक्षाविदों, डिजाइनरों, निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं, स्वास्थ्य सुविधा और इनडोर वायु गुणवत्ता सुरक्षा जैसे विज्ञान से संबंधित विशेषज्ञ शामिल थे।

**एसी चलाते समय खिड़कियां थोड़ी खुली रखें**

दस्तावेज से सुझाव के अनुसार, कमरे के एयर कंडीशनर की ठंडी हवा का इस्तेमाल थोड़ी खुली खिड़कियों के जरिए से आने वाली बाहरी हवा के साथ होना चाहिए। दस्तावेज में आगे कहा गया है कि, शुष्क मौसम में सापेक्ष आर्द्रता 40 फीसदी से नीचे नहीं आने देनी है। पैनल का सुझाव है कि जब एसी नहीं चल रहा हो तो कमरों को हवादार रखा जाना चाहिए।

## संक्षिप्त

### जोड़सा ग्राम प्रधान गोलाप सिंह का निधन

**पटमदा संवाददाता 25 अप्रैल:** पटमदा प्रखंड के जोड़सा गांव के ग्राम प्रधान 70 वर्षीय गोलाप सिंह का निधन शनिवार को सुबह करीब दस बजे अपने घर में ही हो गया। जानकारी देते हुए जोड़सा गांव निवासी सह पटमदा इंटर कॉलेज जाल्हा के पूर्व प्राचार्य पंचानन दास ने बताया कि गोलाप सिंह बचपन के दोस्त रहा है। पिछले कई महीने से बीमार थे और परिजनों ने हाल ही में रांची स्थित रिम्स से ईलाज करवाकर घर लाये थे। चिकित्सक ने उन्हें घर में ही आराम करने की सलाह दी थी। इधर अचानक निधन हो जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ पड़े है। गोलाप सिंह काफी मिलनसार स्वभाव के होने से लोगों को उनकी कमी हमेशा खलेगी। अंतिम संस्कार गांव में ही शनिवार को कर दिया गया। ग्राम प्रधान संघ पटमदा के सचिव मृत्युंजय महतो ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पिछले दिनों रिम्स में ईलाज करवाने के लिए उन्हें संघ की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान किया गया था।

### विधायक से उपायुक्त ने की संतप्त परिवारों के सूची की मांग



**पोटका :** कोरोना संक्रमण को लेकर वैसे परिवार जिनकी स्थिति रोजी रोटी को लेकर दयनीय है वैसे परिवारों की सूची उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने पोटका के विधायक संजीव सरदार को अपने विधानसभा क्षेत्र के संतप्त परिवारों की सूची सौंपने का आग्रह किया है. इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा माननीय सांसद/विधायक यथा सूचित किया जाता है कि किसी संतप्त परिवार को भोजन या सूखा राशन की आवश्यकता है तो उनके सत्यापन पर उस परिवार को भोजन या सूखा राशन देने की आवश्यकता है, अत: इस प्रसंग में संतप्त परिवारों की सूची सौंपा जाय.

### सरसों तेल की कालाबजारी से उपभोक्ता बेहाल

**जादूगोड़ा, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** पूर्वी सिंहभूम जिला में प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल में ढिलाई देने के बाद फिर से कालाबजारियों का पो बारह होने लगे है. अब थोक विक्रेता द्वारा सरसों तेल का कालाबजारी जम कर किया जा रहा है. थोक विक्रेता द्वारा मनमर्जी दामों में सरसो तेल बेचा जा रहा है जिसके कारण खुदरा दुकानदार एवं उपभोक्ता काफी परेशानी का सामना कर रहे है. जो खुदरा दुकानदार ऊँचे दाम में बेचे जाने का विरोध करता है उसको माल देने से इनकार किया जाता है जिसके कारण उपभोक्ता को ज्यादा दामों में मॉल खरीदना पड़ता है. थोक विक्रेता के मनमर्जी के खिलाफ खुदरा दुकानदार संघ ने जिला के उपायुक्त से शिकायत भी किया है.

### धान की खेती को लेकर हल-बैल के साथ खेतों में उतरे किसान



**जादूगोड़ा:** लॉकडाउन के दूसरे चरण में खेती कार्यो को छूट दिये जाने की घोषणा के बाद पोटका प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने हल-बैल लेकर खेतों की ओर रूख कर खेतों की जुताई प्रारंभ कर दिया है. इस बाबत सोहदा पंचायत के किसान नेपाल कुमार सिंह व हरे लाल सिंह दोनों भाई कहते हैं कि धान की खेती का समय हो गया है.

# अफवाह फैलाने वाले जाएंगे जेल : डीएसपी

**लॉकडाउन का सख्ती से अनुपालन करने व अफवाह पर ध्यान ना देने की अपील, पुलिस ने ये वाट्सएप नम्बर जारी किया 94317066484, 9798302485, 9798302486, 9304427237**





**राजनगर संवाददाता 25 अप्रैल:** कोरोना वायरस के मद्देनजर तरह तरह की उड़ रही अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। लोकडाउन का सख्ती से अनुपालन करने एवं अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस ने शनिवार को डीएसपी चंदन वत्स के नेतृत्व में राजनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च किया। पच्चीस मोटरसाइकिल पर पुलिस जवान, अफसर एवं प्रचार वाहन के माध्यम से राजनगर थाना क्षेत्र के कई गांव में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर कर लोगों को लोकडाउन का पालन करने एवं अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न देने की अपील की। किसी तरह की सूचना पर पुलिस को खबर करने को कहा गया। डीएसपी चंदन वत्स ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने क्षेत्र में कोरोना वायरस के मद्देनजर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उड़ाई जा रही अफवाहों को गंभीरता से लिया है। इसकी रोकथाम के लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डीएसपी ने बताया कि अफवाह फैलाने वालों को किसी भी हाल में नहीं बख्सा जाएगा।

अफवाह फैलाने वाले सीधे सलाखों के पीछे जाएंगे। डीएसपी ने उदाहरण देते हुए बताया कि वर्ष 2017 में राजनगर के शोभापुर कांड भी अफवाह के कारण घटी थी। जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी। आज वहां के कई लोग जेल की सजा काट रहे हैं। इसलिए कहीं यदि अफवाह में किसी तरह की घटना घटी तो कानून उसे नहीं छोड़ेगा। डीएसपी ने कहा कि कोरोना एक वैश्विक महामारी है। सरकार ने बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए लोकडाउन किया हुआ है। इसका पालन करें। घरों के अंदर रहें। बेवजह बाहर न निकलें और अफवाह न फैलाएं। वहीं थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि राजनगर थाना क्षेत्र के कटंगा पंचायत के फुहा, भुरकुली, कटंगा आदि गांव में गत रात्रि को गलत अफवाह से गांव के सैकड़ों लोग हथियार से लैस होकर घर के बाहर निकले थे। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाया और लोगों को अफवाह में न पढ़ने की हिदायत देते हुए घर भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिदिन राजनगर थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गांव के मुखिया और ग्राम प्रधानों से संपर्क कर ग्रामीणों को लोकडाउन का पालन करने व अफवाह से दूर रहने की अपील की जाएगी। पुलिस ने सम्पर्क नम्बर जारी कर लोगों को सूचना देने की अपील की।

## कुचाई के कुंजाडीह में विधि विधान से हुई बड़भुजनी की पूजा अर्चना

### श्रद्धालुओं ने कोरोना रूपी महिषासुर के विनाश की कामना



**खरसावां संवाददाता 25 अप्रैल:** कोरोना संक्रमण वैश्विक महामारी बन गया है। देश में हर रोज कई मरीज निकल रहें हैं। सरकार ने लॉकडाउन कर रखा है। लोगों को उम्मीद है कि बड़भुजनी की पूज-अर्चना से कोरोना रूपी महिषासुर का विनाश होगा। ताप बढ़ने से कोरोना का संक्रमण कम होगा। इसी के लिए कुचाई के कुंजाडीह गांव में ग्रामीणों ने विधि विधान से बड़भुजनी पूजा की गई। श्राद्धालुओं ने अर्चना से गांव के पश्चिमी छोर से विधि विधान से नाया राजु हेम्ब्रम के द्वारा गांव को कोरोना वायरस के संक्रमण से दूर रखने, ग्रामीणों को इस वैश्विक महामारी से बचाये रखने, गांव और परिवार की सुख शांति की प्राप्ति के लिए बोडाम पूजा कर पूरे गांव एकजुट होकर बोडाम को गांव के अंतिम दूरी तक लगभग १ किलोमीटर पहुंचाया गया। साथ ही गांव की सुख शांति एवं आसपास क्षेत्र में इस महामारी से वंचित रहने के लिए ग्राम देवी को बकरे और भेड़ मुर्गा की बलि चढ़ा कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम देवता के समक्ष अपनी अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बलि चढ़ाई। वही श्रद्वालुओं प्रसाद का भी ग्रहण किया गया। पूजा-अर्चना में मुख्य रूप से बबलू कुमार, भावेश कुराल, अजीत लेंका, गोपीनाथ नायक, शिव शंभू नापित, शक्तिधर आदित्य, केशव चंद्रसिंह पात्र, तरणी कुराल, शंकर कुराल, निरील कुराल, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## मां आकर्षिणी विकास समिति चिलकु ने चलाया कोरोना पर जागरूकता अभियान

### बांटे बिस्कुट और साबुन



**खरसावां संवाददाता 25 अप्रैल:** खरसावां के मां आकर्षिणी विकास समिति ट्रस्ट चिलकु के द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण की महामारी पर चिलकु पंचायत क्षेत्र के कुदरसाई, लालबजार, चिलकु, बिशईगोड़ा, संतारी, बुरुघुटू, बलरामपुर इत्यादि गांवो में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विकास समिति के सदस्यों ने डोर-टू-डोर पहुचकर ग्रामीणों को लॉकडाउन का षतप्रतिषत पालन करने, घर में रहकर अपने परिवार और देष को कोरोना वायरस से बचने, सोषल डिस्टेंस का पालन करने, हाथ को बार बार साबुन से धोने आदि जानकारी दी गई। वही ग्रामीणों के बीच साबुन और बिस्कृट का वितरण किया गया। कोरोना पर जागरूकता अभियान आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस अभियान में मां आकर्षिणी विकास समिति ट्रस्ट चिलकु के अध्यक्ष अमूल्य मंडल ,सचिव प्रभाकर मंडल ,कोषाध्यक्ष सुधांशु शेखर चौहान, मुखिया रामनाथ होनाहागा, सदस्य कंचन चौहान ,हेमंत मंडल, लखन महतो, केशव प्रधान ,महावीर महतो, संजीत मंडल ,सपन मंडल ,षंभू मंडल आदि का योगदान मिला।

## पटमदा में सांसद विद्युत महतो ने दिये 30 क्विंटल चावल



**पटमदा संवाददाता 25 अप्रैल:** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने शनिवार को पटमदा, बोड़ाम व कमलपुर मंडल अन्तर्गत जरूरतमंद परिवारों के लिए 30 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया। रविवार से तीनों मंडलों में अलग अलग टोलियों में बंटकर कार्यकर्ता डोर टू डोर पंहुचाएंगे। सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया कि इसके पहले भी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया था। जिसमें कुछ परिवारों को मिल नही पाया था। उन्हें इस बार मदद पंहुचाया जाएगा। बताया कि लॉक डाउन के चलते लोग अब घर में ही रह रहे हैं । जिससे लोगों को खाने के लिए दिक्कत होने लगी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को पटमदा प्रखंड के गोबरघुसी पंचयात के तिलाईटांड़ में एक हजार जरूरत मंद लोगों को दाल भात व सब्जी खिलाया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से संदीप मिश्रा, प्रदीप कुमार महतो, मुचीराम बाउरी, वासुदेव मंडल, शरत सिंह सरदार, मंटु चरण दत्त, कृपासिंधु महतो, परेश दत्त, प्रदीप बेसरा, बनमाली बनर्जी, शांतनु मुखर्जी, महावीर महतो समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## महुआ शराब बनाने वाला गिरफ्तार 40 लीटर शराब जब्त



**सरायकेला संवाददाता 25 अप्रैल:** सरायकेला थाना अंतर्गत लुपुंगडीह गांव में अवैध देशी महुआ शराब बनाने वाले राकेश हेम्ब्रम को सरायकेला पुलिस द्वारा शनिवार को गिरफ्तार किया गया। सदर थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे से मिली जानकारी अनुसार उसके शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया तथा तैयार लगभग 40 लीटर शराब जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार अवैध एवं आपराधिक धंधा करने वालों के विरुद्ध निरन्तर अभियान जारी रहेगी।

क्षेत्र के आम जनों से उन्होंने अपील की है कि कहीं भी अवैध तरीके शराब बनाया जा रहा हो या खरीद विक्री हो रबी हो तो इसकी जानकारी पुलिस को दें।

## एक महीना बर्दाश्त कर चुके तो 10 दिन और सही

### चैंबर ऑफ कॉमर्स सचिव ने लॉक डाउन अनुपालन करने दुकानदारों से की अपील



**सरायकेला संवाददाता 25 अप्रैल:** चैंबर ऑफ कॉमर्स सरायकेला के सचिव मनोज कुमार चौधरी ने प्रेस बयान जारी कर जिले के सभी व्यापारियों से अपील किया है कि कोरोना से सुरक्षा को लेकर जारी लोक डाउन में वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए , क्योंकि जब 1 महीने हम बर्दाश्त कर सकते हैं तो 10 दिन और हमें बर्दाश्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से सभी प्रकार की दुकान खोलने का अध्यादेश जारी किया गया है, दुकानें खोलने के संबंध में मेरे द्वारा उपायुक्त महोदय को पत्र लिखा गया था। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा कोई दिशानिर्देश जारी नहीं हुआ है, अत: पूर्व से प्रतिबंधित दुकान और प्रतिष्ठान वर्तमान में न खोलने की शर्तें पूर्ववत रहेगी। यह एक ऐसी महामारी है कि बिना बताएं कब किसके माध्यम से आ जाए और कब फैल जाए इसकी किसी को भी जानकारी नहीं है। हमें प्रशासन पर दबाव नहीं बनाना चाहिए और धैर्य रखते हुए सब की भलाई के लिए सम्मिलित प्रयास करना चाहिए। जान रहेगा तो जहान रहेगा तो व्यापार भी होगा, व्यापारी अगर समझ से काम ले तो इस महामारी को रोकने में हमारा समाज भी सफल हो सकता है। अत: पुन: निवेदन है संबंधित पदाधिकारियों से चेंबर के पदाधिकारियों से की अगर प्रशासन खोलने भी बोले तो अति आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को छोड़कर बाकी दुकानों को कुछ दिनों तक बंद ही रखें तो इसमें सबकी भलाई है।

## लॉकडाउन में चाय बेचने वाले को नोटिस

### नप के स्वच्छता अभियान का कार्यपालक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**सरायकेला संवाददाता 25 अप्रैल:** कोरोना वायरस संक्रमण पर रोक लगाने हेतु नगर पंचायत सरायकेला द्वारा युद्धस्तर पर सभी क्षेत्र में कार्य जारी है। साफ सफाई सहित कीटनाशक छिड़काव, फॉगिंग एवं खुली हुई दुकानो में शारीरिक दूरी निर्धारण के प्रति भी कार्य जारी है। शनिवार को साप्ताहिक हाट वार्ड नंबर 07 एवं नीमडीह में नाली सफाई के साथ-साथ सफ़ाई का भी कार्यक्रम किया गया। पैलेस रोड से लेकर थाना चौक तक एवं कोर्ट मोड़ से नीमडीह तक हनसाउड़ी गैरेज चौक तथा इन्द्राटाड़ी मे सफाई का कार्य करवाया गया। दूसरी ओर नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा आश्रय गृह, पथ निर्माण विभाग सरायकेला कार्यालय तथा जेएसएलपीएस में सफाई कार्य एवं सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत द्वारा माइकिंग कर नगर वासियों को सूचित किया गया कि सरायकेला नगर में लॉक डाउन के नियम एवं शर्तें पूरी तरह लागू रहेंगी। इसमें किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाएगी। समाचार चैनलों के माध्यम से आ रही कुछ खबरों से भ्रमित ना हो जब तक स्थानीय जिला प्रशासन की तरफ से कोई आदेश नहीं आता तब तक लॉक डाउन पूर्व की भांति लागू रहेगी तथा लॉक डाउन नियम का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। आज कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह द्वारा पटनायकसाईं वार्ड नंबर 7 एवं आश्रय गृह में सफाई का कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम लॉक डाउन नियमो का उल्लंघन कर चाय विक्री करते हुए मोहन कामीला को पकड़ा गया एवं उन्हें नोटिस निर्गत किया गया।

## टीवी रिपेयरिंग दुकान में लगी आग, लाखों का सामान खाक

**● विधायक रामदास सोरेन ने की आर्थिक मदद, आगे भी मदद का दिया भरोसा**



**मुसाबनी, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** मुसाबनी नंबर तीन न्यू कॉलोनी रोड पर ईदगाह मस्जिद के समीप मोहम्मद शमीम की टीवी रिपेयरिंग की दुकान में शनिवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे अचानक आग लग गई. मुख्य सड़क होने के कारण आग का धुआँ देखकर काफी लोग जमा हो गए और नज़दीक के चापानल से पानी लाकर आग बुझाने लगे. इस बीच पुलिस को खबर मिलते ही खुद थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ए एस आई राजेश कुमार के साथ पुलिस बल लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए. और आग बुझाने में लग गए. साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए वहां जमा भीड़ को हटाया. इस बीच आग काफी तेज हो जाने के कारण आस पास की कुछ दुकानों को खाली कराया गया. और लोगों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया. इस बीच दमकल भी पहुंच गई और दमकल कर्मियों द्वारा आग को पूरी तरह बुझा दिया गया. घटना के बारे में दुकान के मालिक मोहम्मद शमीम ने बताया कि आग शायद शार्ट सर्किट से लग गई है. उन्होंने बताया कि आग लगने से दुकान में रखा चार एल ई डी, बैटरी, इन्वेंटर, रिपेयरिंग का सारा औज़ार, टीवी रिपेयरिंग का नया पार्ट्स व पूरा फर्नीचर जलकर खाक हो गया है. जिसने लगभग डेढ़ से दो लाख का नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा कि यही मेरे परिवार के जीविकोपार्जन का एक मात्र सहारा था. इस घटना की सूचना पाकर विधायक रामदास सोरेन कान्हू सामंत, प्रधान सोरेन, सोमाय सोरेन, के बी फरीद, कान्हू टूडू के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुकान मालिक मोहम्मद शमीम से घटना की जानकारी ली. और इसके लिए दु:ख जताया. उन्होंने दुकानदार को तुरंत तीन हज़ार की आर्थिक मदद दिया.

## रमजान को लेकर कपाली ओपी में शांति समिति की बैठक



**चांडिल संवाददाता 25 अप्रैल:** कपाली ओपी परिसर में शनिवार को रामजान को लेकर अनुमंडल पदाघिकारी डा. बिनय कुमार मिश्र कि अध्यक्षता में शांति समिती का बैठक किया गया. इस दौरान बैठक में एसडीएम ने सामुहिक तरावी, सामुहिक नवाज, इफ्तार नहीं करने का अपील किया. उन्होने लॉकडाउन का पालन करते हुए लोगों से माक्स पहनकर कर जरुरी काम से बाहर निकलने का अपिल किया है. इस दौरान उन्होंने कहा रमजान को लेकर फल कि दुकाने कुछ अघिक समय तक खुली रहेंगी. इस अवसर पर डीएसपी घीरेन्द्र नारायण बंका, मेयर प्रतिनिधि ललीत महतो, डीप्टी मेंयर सरवर आलम, ओपी प्रभारी प्रकाश रजक समेत शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे.

## ग्रामीणों ने धन जन योजना के बैंक खाते में पैसा भेजने की मांग की



**चांडिल संवाददाता 25 अप्रैल:** चांडिल प्रखंड क्षेत्र के सींगाती गांव में शनिवार को ग्रामिणो ने शोशल डिस्टेंसींग का पालन करते हुए धन जन योजना के बैंक खाते में पैसा नही मिलने से नाराज ग्रामीणों ने बैठक कर सरकार से राशी भेजने का मांग किया है. इस संबंध मे ग्राम प्रधान दीनानाथ पोद्धार ने बताया कि पुरे गांव मे १०-१५ आदमी का ही जन धन बैंक खाता मे पैसा आया है और सैकड़ों लोगों का पैसे नही आया है. ग्रामीणों ने बताया कि लॉंकडाउन मे अधिकांश घरों में पैसों का अभाव हो गया है. सरकार से चावल मिल रहा है परंतु हमारे गांव के लोगों को धन जन खाते मे पैसा नही आ रहा है. उन्होने बैंक खाते में पैसा भेजने का मांग किया है. मौके पर भानु पोद्धार, बीश्खा मोद्धार, नाड़ुबाला पोद्धार, जोगी पोद्धार, तीलकतोमा पोद्धार, गंगा पाल आदि उपस्थित थे.

## 50 से ज्यादा ऑटो ड्राइवरों के बीच खाद्यान्न का वितरण



**घाटशिला, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** गालूडी के बड़बिल पहाड़ पर स्थित रांकिणी मंदिर के संचालक व फुल पाल में रामकृष्ण विवेकानंद शारदा विद्यापीठ स्कूल के संचालक देवी मठ के तत्वावधान में शनिवार को गालूडी आंचलिक मैदान में 50 से ज्यादा ऑटो ड्राइवरों को खाद्यान्न दिया गया .मौके पर देवी मठ के प्रमुख सूतापा नंद जी महाराज उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि देवी मठ शुरूसे ही ऐसी आपदाओं में लोगों के साथ रहा है ,वर्तमान समय में कोरोना के कारण ऑटो ड्राइवरों का रोजगार नहीं चल रहा है इसलिए उनकी संस्था द्वारा ऑटो ड्राइवरों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है. मौके पर गालूडी से संजय कुमार अग्रहरि के साथ-साथ हेमंत पानी काजू माझी अर्चिन्तो सीट रवि प्रकाश सिंह अजित महतो संजय भकत दारा सहित काफी संख्या में लाभुक उपस्थित थे.

## संकट मोचन हनुमान मंदिर में भोजन का पैकेट वितरित



**मुसाबनी, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** समाजसेवियों द्वारा घाटशिला अनुमंडल में जरूतमंद एवं दिहाड़ी मजदूरी कर कमाने खाने वालों के लिए राहत सामग्री बांटने का सिलसिला निरंतर जारी है.शनिवार को घाटशिला के समाजसेवी संदीप अग्रवाल उर्फ मंटू ने स्व. प्रहलाद अग्रवाल की स्मृति में लगभग 200 लोगों के बीच भोजन का पैकेट वितरित किया. इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया गोपालपुर शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक रविकांत चौधरी द्वारा दर्जनों लोगों के बीच मास्क का वितरण किया गया. भोजन वितरण से पूर्व हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई. हलुवा का भोग लगाया गया .इसके बाद जरूतमंद लोगों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया गया. मौके पर दशरथ सिंह, संघर्ष सिंह, मुन्ना सिंह, साकेत अग्रवाल, रामफल राम, वेदानंद चौधरी, पंडित शशि कांत उपाध्याय, ओम प्रकाश शर्मा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## सीओ के नेतृत्व में कोरोना वायरस को लेकर राहत कार्य और अन्य बचाव के उपायों पर विशेष चर्चा



**चाकुलिया, 25 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** चाकुलिया नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए अंचलाधिकारी अरविंद कुमार ओझा के नेतृत्व में बोर्ड बैठक का विशेष आयोजन किया गया. वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को लेकर राहत कार्य एवं अन्य बचाव के उपायों पर विशेष चर्चा की गई. इस दौरान अंचलाधिकारी ने सभी पार्षदों को क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर सभी वार्ड में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया.

उन्होंने बताया कि लोगों को साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, हाथों को अच्छी तरह सैनिटाइज करने एवं मास्क लगाने का निर्देश है दिया. इस दौरान उन्होंने बताया कि जरूरी काम पड़ने पर ही घर से बाहर निकले अन्यथा घर में रहकर सुरक्षित रहने का आग्रह किया. इस मौके पर अध्यक्ष संध्या रानी सरदार, उपाध्यक्ष सुमित लोधा, सिटी मैनेजर मोनिस सलाम, प्रदीप उराव, मोहम्मद गुलाब, असगर खान, मलय रूहिदास, शंभू नाथ दास, मेघी मुंड, आनंदा बेरा, अमित मिश्रा एवं अन्य शामिल थे.

# घटना के दो घंटे के अंदर ही पुलिस ने दुष्कर्म के चार ओरोपी को दबोचा

**जगन्नाथपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** मात्र दो घंटा के अन्दर ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जगन्नाथपुर के द्वारा गठित जांच टीम व हाटम्हरिया पुलिस की सक्रियता से दुष्कर्म के चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और शनिवार को चारो आरोपी को न्यायिक हिरासत में चाईबासा जेल भेज दिया। घटना हाटम्हरिया थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले 20 अप्रैल को कुमारडुंगी प्रखण्ड की एक नबालिक युवती हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र बाजार कर अपने गांव लौट रही थी कि रास्ते पर बुरुबालजोड़ी नामक गांव के चार लोगों ने उसे रोक कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती ने चार लोगों के खिलाफ हाटम्हरिया थाना में 24 अप्रैल को दुष्कर्म का मामला दर्ज करायी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश



पर जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार उरांव ने जांच टीम का घटन किया और करीब 2 घंटा के अन्दर की 24 अप्रैल की देर शाम पुलिस ने चारो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शनिवार को चाईबासा जेल भेज दिया। दुष्कर्म मामले में जेल जाने वाले आरोपी विमल गागराई, सकलदीप गागराई, कुलदीप गागराई व सलमान गागराई है। सभी एक की गांव के रहने वाले है।

घटना के संबंध में फत्रकारों को जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार उरांव ने कहा कि एक नबालिक युवती ने 24 अप्रैल को हाटगम्हरिया थाना में चार लोगों द्वारा उनके साथ दुष्कर्म का प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद थाना में कांड संख्या 10/20, 24 अप्रैल धारा 376 (1)/376 डीए/506/34 भादवि एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के दो घंटा के अन्दर ही चारो अभियुक्त को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## जच्चा और बच्चा सलामत कोरोना रिपोर्ट भी निगेटिव

**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** कोरोना संदिग्ध एक महिला का रिपोर्ट निगेटिव आने से स्वास्थ्य विभाग को राहत मिली है। हाटगम्हरिया के क्वांरटाइन सेंटर में १० दिनो से रह रही एक महिला ने चाईबासा सदर अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया है। उक्त महिला और उसके पति ने उड़िसा के बारीपदा में मजदूरी करते थे। दस दिन पहले बारीपदा से हाटगम्हरिया आये थे। इसके बाद पुलिस दोनो को जांच के बाद हाटगम्हरिया स्थित क्वांरटाईन सेंटर में १४ दिनो के लिए रख दिया। महिला के गर्भवती रहने के कारण दसवें दिन ही उसे क्वांरटाइन केन्द्र में ही प्रसव दर्द होने लगा। उसे तुरंत हाटगम्हरिया स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के सदर अस्पताल में आने से स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गये। कोरोना संदिग्ध रहने के कारण स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम लग गयी। गुरूवार की देर रात में उक्त महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के समय अस्पताल के सभी डॉक्टर और नर्स पीपीई कीट पहन कर प्रसव कराया।

# राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देश का इंतजार करें दुकानदार : उपायुक्त



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दुकान खोलने संबंधी निर्देश जारी होने को लेकर आज दुकानदार दुकान खोलने को लेकर उहापोह की स्थिति में रहे। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि उन्हें गृह मंत्रालय से एक संशोधित निर्देश प्राप्त हुआ है, लेकिन राज्य सरकार या जिला प्रशासन के द्वारा जब तक कोई निर्देश निर्गत नहीं हो, दुकानदार इंतजर करें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से प्राप्त निर्देश में कई पहलुओं पर समीक्षा के बाद ही छुट देने की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के द्वारा दी गयी छुट के बाद भी तेलेंगाना, कर्नाटक सरकार द्वारा सख्ती से तालबंदी का पालन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में किन दुकानो को छुट देनी है और किन दुकानो को इस श्रेणी में शामिल किया जाना है। इस पर राज्य सरकार के द्वारा विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुकानदारो को स्टाफ में ५० प्रतिशत कटौती करने, हेंड सेनिटाइजर एवं मास्क की व्यवस्था करने, दुकान में आने वाले ग्राहको के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का प्रावधान दुकान खोलने वाले को करना होगा।

## रमजान में लॉकडाउन का सख्ती से होगा अनुपालन : पुलिस अधीक्षक



**चाईबासा :** पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा ने बताया कि रमजान के मद्देनजर लॉकडाउन के निर्देशों का अनुपालन पूर्णरूपेण कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि रमजान के अवसर पर मस्जिद में तरावीह की नमाज नहीं अदा की जाएगी। सभी अपने घरो में सामाजिक दूरी बनाकर नमाज अदा करेगें। घरों मे ही रोजा खोलेंगे और सामाजिक दूरी बनाकर रहेगें। इतार पार्टी पूर्णरूपेण प्रतिबंधित कर दिया गया है। रोजा खोलने के बाद चौक-चौराहे पर लोग एकत्रित किसी कीमत पर नहीं होंगें। खाने-पीने के दुकानो को रातभर खोलने पर प्रतिबंध रहेगा। सामाजिक दूरी बनाकर ही लोग दुकान से खरीददारी करेंगे। सुबह सेहरी भी घर में ही मनायेंगे।

## गुजराती समाज ने उपायुक्त को सौंपा साढ़े पैंतीस हजार का चेक



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम हेतु जिला प्रशासन प्रशासन के नजारत डीइजीएस कोष में आज गुजराती समाज चाईबासा द्वारा ३५,५०० रूपये का चेक प्रदान किया गया। समाज के संरक्षक घनश्याम दरवार के नेतृत्व में गुजराती समाज का प्रतिनिधिमंडल समाहरणालय स्थित उपायुक्त के कक्ष में मुलाकात कर चेक प्रदान किया। उपायुक्त द्वारा इस संकट के समय में गुजराती समाज द्वारा किये गये इस सहयोग के प्रति आभार जताया तथा पुनित कार्य में सहयोग के लिए प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि गुजराती समाज ने अंशदान में समाज के फंड का उपयोग नहीं किया है। उक्त राशि सदस्यों के आपसी सहयोग से संग्रह किया गया है। इस अवसर पर संरक्षक घनश्याम दरवार, अध्यक्ष भरत वी राठौर, सदस्य विजय भाई परमार आदि उपस्थित थे।

## सीएम मानव सेवा योजना का लाभ पहुंचाने में जुटे हैं विधायक



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम हेतु जारी द्वितीय चरण के लॉकडाउन में चाईबासा के विधायक दीपक बिरूवा लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे है और लोगो को राहत पहूंचा रहे है। वहीं प्रवासी मजदूरो तक राहत पहूंचाने हेतु सरनाडीह कार्यालय में लागातार काम कर रहे है। लॉकडाउन में फंसे प्रवासी मजदूरो के आवेदन का समीक्षा कर राशि भेजने की अनुशंसा कर रहे है। कार्यालय के कामकाज में सामाजिक दूरी का खास ख्याल रखा जा रहा है। विधायक द्वारा अनुशंसित आवेदनों को आज विधायक प्रतिनिधि घनश्याम दरवार ने उपविकास आयुक्त को सौंप दी है, ताकि मुख्यमंत्री मानव सेवा योजना के तहत प्रसावी मजदूरो को अविलम्ब सहायता पहूंचायी जा सके।

## आग से झुलसी युवती की इलाज के दौरान मौत

**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** मझगांव के खड़पोस निवासी २५ वर्षीय नैना कुमारी की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। बताया जाता है कि गुरूवार की शाम में नैना कुमारी अपने घरेलू विवाद में गुस्से से शरीर में केरोसिन डाल कर आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलस जाने से उसे मझगांव अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनो को सौप दिया। चिकित्सको ने बताया कि नैना कुमारी लगभग ९० प्रतिशत जल गय थी। नैना कुमारी के माता-पिता की मौत हो जाने और दो भईयो के बाहर काम करने चले जाने से अकेली अपने जीजा के घर रह रही थी। उसका दिमांगी हालत भी कुछ दिनो से ठीक नहीं थी।

# कोरेंटाईन सेन्टर का उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**जगन्नाथपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस के प्रकोप को रोकने को लेकर जगन्नाथपुर के रस्सेल उच्च विधालय में बने कोरेनटाईन सेन्टर का शनिवार को जिला के उपायुक्त अरवाराज कमल और पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत महत्ता ने संयुक्त निरीक्षण किया। यहां पर अलग अलग क्षेत्रों से आये करीब 51 लोगों को प्रशासन व हास्पीटल प्रबंधन के द्वारा कोरेनटाईन में रखा गया है। इन लोगों से जिला के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सेन्टर में मिल रही सभी सेवाओं की जानकारी ली तथा यदि कोई दिक्कत व समस्या है तो अनुमंडल और प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारियों के समक्ष रखने का उन्हे निर्देश दी। डीसी एसपी ने कोरेनटाईन सेन्टर में प्रतिदिन मिलने वाली स्वास्थ्य जांच सेवाओं व यहां के रुटिंग आदि की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार से ली। वही



कोरेनटाईन हुए सभी लोगों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां 14 दिन तक आप कोरेनटाईन पर रहे। इसके बाद स्वास्थ्य जांच व सारी प्रक्रिया करने के साथ आपको छोड़ा जायेगा। यहां से निकले कर लोग फिर अपने - अपने घरों में 14 दिन के लिए कोरेनटाईन पर रहेंगे। वही डीसी - एसपी ने कहा कि यदि कोई कोरेनटाईन सेन्टर से भागा तो उस पर कार्यवाई होगी। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी स्मृता कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचल अधिकारी तृप्ती विजय कुजूर, थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक, डा. दीपक, डा. इकबाल सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी को लॉकडाउन का सख्ती से पालन करने तथा कस्तुरबा गांधी आवासीय विधालय में समान्य रुप से राहत शिविर में रुके दुसरे जिला के लोगों के सेवाओं को लेकर कई दिशा निर्देश दिये।

## जानलेवा बने हैं मझगाँव मुख्य सडक पर बने गड्ढे



**नोवामुंडी, 24 अप्रैल (रिपोर्टर) :** मझगाँव से जैंतगढ़ जाने वाली मुख्य मार्ग पर सिलफोड़ी से कुशुनपुर गांव के बीच बडे बडे गड्ढे जानलेवा साबित होते जा रहे है. गड्ढों के कारण इस सड़क पर हो रही दुर्घटना के बाद भी विभाग कुंभकर्णी निंद्रा में सोया है. मुख्य मार्ग की मरम्मत नहीं होने से हालत बद से बदतर बनी हुई है. सिलफोड़ी से कुशुनपुर गांव के पास सड़क पर बने खतरनाक गड्ढे के कारण शनिवार की शाम करीब 4 बजे एक अज्ञात बाईक सवार अपने साथी संग जा रहा था कि अचानक मुख्य सड़क में बनी गड्ढे फंसने के कारण गिर गया. इसमें पीछे बैठे युवक को सर व हाथ में गंभीर चोट लगी. घायल युवक बोलने की स्थिति में नही है. बाईक चालक मौके पर से फरार हो गया. सड़क पर पूर्व में भी ऐसी घटना घटी है.

## सीआरपीएफ-174 बटालियन ने बांटे 230 पैकेट खाद्यान्न



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** एसआर रूंगटा ग्रुप के सौजन्य से सीआरपीएफ-१७४ बटालियन द्वारा लॉकडाउन के दौरान लगातार गरीब-असहाय लोगो के बीच खाद्यान्न सामग्री आदि का वितरण किया जा रहा है। बटालियन द्वारा आज बड़ीपोखरी, फोंडीसाई, आयता गांव में नदी किनारे रह रहे बंजारो के बीच खाद्यान्न का वितरण किया गया। खाद्यान्न वितरण के दौरान सामाजिक दूरे के निर्देशों का अनुपालन किया गया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेन्ट डा प्रेमचंद ने लोगो से लॉकडाउन का पालन करते हुए अपने-अपने धरो में सुरक्षित रहने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने लगातार खाद्यान्न उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए एसआर रूंगटा ग्रुप के निदेशक की प्रशंसा की।

## जिप अध्यक्ष ने उपलब्ध कराई बंजारो को खाद्यान्न



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** रोरो नदी तट पर तम्बु डालकर रह रहे बंजारे भी कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम हेतु जारी लॉकडाउन में फंस गये है। बाजार, दुकान सभी बंद है, तो इनका भी सभी धंधा बंद है। यह बंजारे ९० से १०० की संख्या में है। यह मुलरूप से उत्तर प्रदेश के रिवा के रहने वाले है। लॉकडाउन में सब ठप हो गया, तो उनके समक्षा भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। ग्रुप का मुखिया कुछ लोगो के साथ जिप अध्यक्ष के आवास पर पहूंचे तो जिप अध्यक्ष ने उपायुक्त एवं बीडीओ को वस्तुस्थिति की जानकारी दी। तब जाकर उन्हें राशन उपलब्ध कराया गया। इधर वैसे भी कुछ लोग श्रीमती पुरती के आवास पर मदद के लिए पहूंच रहे है, तो उनके द्वारा चावल आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। नीमडीह की मुखिया सुमित्रा देवगम इस अवसर पर उपस्थित थी।

## संतो के हत्या के विरोध में रखा उपवास



**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** महाराष्ट्र के पालघर में संतो के हत्या के विरोध में हिन्दू जागरण मंच चाईबासा के सदस्यो ने एक दिन का उपवास आज रखा। जिसमें सामाजिक दूरी का अनुपालन किया गया। मंच ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से हत्याकांड में शामिल लोगो को गिरतार करने, मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। कार्यक्रम में जिला संयोजक जय गिरी, संरक्षक चंदन पाडे, बप्पी निषाद, हिमांशु सिंह राजपुत, संजय राम तुरी, अंशु साहु, प्रकाश गोराई आदि उपस्थित थे।

# जनवितरण प्रणाली को पटरी पर लायेगें गुरूजी

**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** जिले में डिरेल हो गये जनवितरण प्रणाली व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन द्वारा शिक्षको की मदद ली जा रही है। इसका साकारात्मक परिणाम आने की संभावना व्यक्त की जाने लगी। जिला परिषद अध्यक्ष लालमुनी पुरती द्वारा काई माह पूर्व से जिले में जन वितरण प्रणाली व्यवस्था ध्वस्त होने की शिकायत प्रशासन से की जा रही थी। वे खुद गांव-गांव घुमकर जनवितरण व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास की, लेकिन प्रशासनिक असहयोग के कारण असफल रही। कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर जारी लॉकडाउन ने जिले में जनवितरण प्रणाली की जमीनी हकीकत की परत-दर-परत पोल



खोल दी। जिले के कोने-कोने से राशन नहीं मिलने, राशन कम देने, ज्यादा पर हस्ताक्षर कराकर राशन कर देने आदि को लेकर कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गयी तो प्रशासन द्वारा अब इसमें व्याप्त कालाबाजारी, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए शिक्षको को लगाया गया है। हाटगम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी परमेश्वर कुशवाह ने प्रखं डमें ४२ पीडीएस दुकानो के लिए प्रतिनियुक्त ४२ शिक्षको के साथ बैठक की और उन्हें राशन वितरण पंजी, स्टॉक पंजी, फिजिकल पंजी आदि को संधारित करने की जानकारी दी गयी तथा पीडीएस डीलर के साथ समन्वय बनाकर शतप्रतिशत राशन लोगो को उपलब्ध कराने को कहा गया।

## नोवामुंडी में बीडीओ एवं सीओ ने की जन वितरण प्रणाली के दूकानदारों के साथ आपात बैठक



**नोवामुंडी, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** शनिवार को नोवामुंडी प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित किसान भवन में नोवामुंडी प्रखंड के बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी और सीओ सुनिल चंद्र ने जन वितरण प्रणाली के दूकानदारों तथा महिला समिति के सदस्यों के साथ एक आपात बैठक की. इसमें डीलरों को बीडीओ व सीओ द्वारा साफ तौर पर कहा गया कि कोरोना वायरस के समय सभी कार्डधारी लाभुकों को सही मात्रा में राशन व किरोसिन बाँटना है. राशन वितरण के समय सामाजिक दूरी तथा मास्क लगाना सबके लिए अनिवार्य है. भीड बिल्कुल नहीं लगने देना है. अभी लॉकडाउन के कारण ई पॉश मशीन का प्रयोग नहीं करना है. बिना कार्ड वालों को भी चिन्हित कर सूची बनाना है उनके लिए पंचायत स्तरों पर चावल की व्यवस्था है. यह एक आपात काल जैसा है और जनहित में कार्य करना है. कहा कि इस बीच जो भी ग्रामीण बाहर से अपने गाँव लौटेंगे उनकी सूचना प्रशासन व पुलिस को जरूर देंगे,ताकि कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ इस जंग में आपसी सहयोग से जीत हासिल किया जा सके.

# इंसान से ज्यादा समझदार पक्षी, जो कोरोना से बचाव के लिये सोशल डिस्टेंसिंग के मायने समझ रहे हैं

**जगन्नाथपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** सच ही कहा जाता है कि कभी कभी इंसान से ज्यादा समझदार जानवर व पशु पक्षी हो जाते है। ऐसा ही एक दृश्य शनिवार को बड़ानन्दा से डांगुवापोसी जाने के दौरान बड़ानन्दा के पास दिखने को मिला। भले यह दृश्य देखने वालों के लिए एक आम दृश्य लगी होगी। हुआं यूं के सड़क किनारे स्थित एक गढ्ढे से करीब 12 बजे दोपहर में दर्जनों बत्तख निकल कर दौड़ते हुए सड़क किनारे आ गये। जब सड़क पार करने की नौबत आयी से एक बत्तक ने सबसे पहले आगे बढ़ा फिर दूसरा बत्तक करीब एक हाथ दुरी बना कर पहले वाले बत्तख के पिछे चलने लगा। इस तरह दर्जनों बत्तखों की एक कतार



एक एक हाथ की दुरी के साथ आगे बढ़ गये। जिसे हम इस दुरी को इन दिनों सोशल डिस्टेंसिंग का नाम दे रहे है। जी हाँ ये सही है कि इन बत्तखों को कोरोना वायरस किस आंतक का नाम है पता नही। पर ये बत्तख अपनी सुरक्षा व अपनी सझमदारी का जरुर परिचय हम इंसानों के लिए दे रहे है। इन बत्तखों से हम इंसानों को प्रेरणा लेने की जरुरत है। बत्तख अक्सर इसी कतार से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रास्ते पर चलते है। आप लोगों ने कई बार यह दृश्य देखा भी होगा। पर इस दश्य को महसुस करने की जरुरत है। क्योंकि बीना किसी अनजान खतरे को जाने जब ये बत्तख हर दिन इतनी सावधानी अपने जीवन की सुरक्षा के लिए बरतते है तो हम इंसान खतरे को जान समक्ष कर भी क्यों अनजान बन कर आने वाली मुसीबत को आ बैल मुझे मार वाली कहावत के साथ आमंत्रित करते है। जानकारी हो कि विश्व में करीब 6 छोटे छोटे देश छोड़ कर सारा विश्व कोरोना वायरस की महामारी संकट के दौर से गुजर रहा है। देश, राज्य, जिला प्रखण्ड गांव, टोला हर जगह लॉकडाउन है। ताकी कोरोना वायरस से भारत का हर नागरिक जीत सके। लेकिन इस लॉकडाउन का पालन कम उल्लघंन ज्यादा हो रहा है। धारा 144 को लोग हल्के में ले रहे है। ऐसा नजारा आये दिन, छोटे छोटे हटिया, दुकान, मकान, मेडिकल स्टोर, सड़क, गैस कार्यालय, दाल भात केंद्र, मील ऑन व्हील्स फूड वाहन, किचन दीदी, दाल भात केंद्र आदि जगहों पर दिख रहा है। लोग सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ाने में लगे है। सरकार, पुलिस, प्रसाशन व समाजिक संगठने विनती कर रही है कि कोई बहुत जरुरी काम है तभी बाहर आये वह भी सोशल डिस्टेंसिंग, धारा 144 व लॉक डाउन के आदेश निर्देशों का पालन करते हुए। पर लोग सिर्फ प्रशासन को दिखाने के लिए थोड़ी औपचारिकता पुरा करते है फिर .... वही आलम बन जाता है। जिसके बाद मजबुरन प्रशासन व पुलिस को कठोर निर्णय लेकर कार्यावाई करनी पड़ती है। आज बत्तख के इस दृश्य ने सच में यह अहसास करा दिया है की मुसीबत रहे न रहे समझदारी से अपने जीवन की सुरक्षा के लिए हमेशा नियमों का करने की जरुरत है।

## चम्पुआ में वज्रपात से एक महिला की दर्दनाक मौत और दूसरी झुलस गई

**नोवामुंडी, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** शुक्रवार की शाम नारदपुर शाखा के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से रूपये निकासी कर घर लौटते समय ठनका की चपेट में आकर घायल बलभद्रपुर गाँव की महिला यात्री महाकुड(44) की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है. उनका इलाज चम्पुआ स्थित अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है. आपको बता दें कि घायल यात्री महाकूड नारदपुर बैंक शाखा से रूपये निकासी कर गाँव की उर्मिला मुंदी (45) के साथ बलभद्रपुर लौट रही थी. इस बीच आसमान में बादल गरजे और देखते ही देखते वज्रपात की चपेट में आने से उर्मिला मुंदी ने चटपटा कर बेतरह से दम तोड दिया,जबकि यात्री महाकूड पुरी तरह से झुलस गई. घटना के बाद चम्पुआ के ग्रामीणों ने लोकल पुलिस को सूचना दी और जख्मी यात्री महाकूड को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करा दिया गया.

## रोजेदार कर रहे है सामाजिक दूरी का पालन

**चाईबासा कार्यालय, 25 अप्रैल :** रमजान शुरू होते ही प्रशासन के आदेश पर बड़ी बाजार क्षेत्र में फल, दुध सहित पाव रोटी और सिरमाल की दुकाने सुबह १० से शाम ६ बजे तक सजने लगी। रोजेदार अपने जरूरत के सामानो की खरीदारी करने के लिए एक-दो व्यक्ति घर से निकल रहे और सामनो की खरीदारी कर घर चले जा रहे है। रोजेदारो ने लॉकडाउन और सरकार के आदेश का पालन करते हुए सामाजिक दूरी बनाकर खरीदारी कर रहे है। जामा मस्जिद के सचिव सजरूल होदा ने बताया क जब तक लॉकडाउन रहेगा, हम सरकार के आदेश का पालन करते हुए सभी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने-अपने धरो में ही रह कर इबादत कर रहे है। उन्होंने बड़ी बाजार में दुकान लगाने का अनुमति देने पर पुलिस और जिला प्रशासन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा, डीडीसी आदित्य रंजन, एसडीओ पारितोष कुमार ठाकुर और एसडीपीओ अमर कुमार पांडे ने रोजेदारो की समस्या को समझे और दुकान लगाने का अनुमति प्रदान किये। इसके लए सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र है।

# विराट में सचिन का रिकार्ड तोड़ने की क्षमता : ब्रेट ली

## लेकिन क्या कोई भगवान से भी बेहतर हो सकता है?



**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा है कि विराट कोहली में सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़ने की क्षमता है। हालांकि, सचिन के ब? रिकार्ड को तो?ना इतना आसान नहीं होगा। सचिन क्रिकेट के भगवान की तरह हैं। ऐसे में आप यह कैसे कह सकते हैं कि कोई सचिन से भी आगे निकल सकता है। क्या कोई भगवान से बेहतर हो सकता है? इसके लिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। अगर तथ्यों के आधार पर रन की संख्या के बारे में बात करें तो विराट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले सात से आठ साल के क्रिकेट के दौरान वे जिस दर से रन बना रहे है, वह निश्चित तौर पर सचिन का रिकार्ड तोड़ सकते हैं।

तेंदुलकर ने 49 एकदिवसीय और 51 टेस्ट शतक बनाए हैं। वे 100 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। वहीं, कोहली ने अपने करियर में अब तक 44 एकदिवसीय शतक और 27 टेस्ट शतक बनाए हैं। तेंदुलकर की बराबरी करने के लिए उन्हें अब और 29 शतक बनाने होंगे। ऐसे में यह देखना होगा कि वह अपना प्रदर्शन किस तरह से जारी रखते हैं।

ली ने कहा कि तीन ऐसे कारण है जिससे मुझे लगता है कि विराट सचिन की बराबरी कर सकते हैं। सबसे पहला और अहम कारण है कि विराट निश्चित तौर पर एक बल्लेबाज के तौर पर प्रतिभाशाली है। दूसरी कारण उनकी फिटनेस है। कोहली 30 साल की उम्र में भी काफी फिट हैं। तीसरा कारण यह है कि बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए उनके पास मानसिक ताकत है। वह अपनी प्रतिभा के साथ इसे आसानी से कर लेंगे। अगर विराट फिट रहते हैं तो यह उनकी मानसिक मजबूती कही जा सकती है।

ली ने शुक्रवार को सचिन तेंदुलकर को उनके 47 वें जन्मदिन पर ट्वीट किया था, हैप्पी बर्थडे लेजेंड सचिन तेंदुलकर। अब मैदान पर लड़ाईयां खत्म हो गई हैं, हमारी दोस्ती हमेशा बनी रहेगी। सुरक्षित रहें दोस्त और जन्मदिन बेहतर ढंग से मनाएं।

### बीसीसीआई का आईसीसी को सुझाव

# कोरोना को लेकर स्थिति सामान्य होने तक चैम्पियनशिप स्थगित हो

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** बीसीसीआई ने वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप स्थगित करने का सुझाव दिया है। आईसीसी चैम्पियनशिप की अंक तालिका में भारतीय टीम 360 प्वाइंट के साथ टॉप पर है और फाइनल के लिए क्वालिफाई करने की प्रबल दावेदार है। टीम ने 9 मैच में से 7 जीते और दो हारे हैं। ऑस्ट्रेलिया 296 प्वाइंट के साथ दूसरे नंबर पर है, उसने 10 में से 7 मैच जीते हैं और 2 हारे और एक ड्रॉ खेला है। भारत और ऑस्ट्रेलिया को इस साल के अंत में चार टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। आईसीसी ने गुरुवार को कोरोना के कारण पैदा हुई स्थिति पर चर्चा करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक भी की थी। बीसीसीआई ने सुझाव दिया था कि वर्ल्ड चैम्पियनशिप स्थगित कर दी जाए क्योंकि 2023 के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) में बदलाव की योजना है। बैठक में यह फैसला किया गया था कि टेस्ट चैम्पियनशिप और पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग को लेकर चर्चा के लिए बाद में बैठक की जाएगी। समझा जाता है कि बैठक में भारत एकमात्र बोर्ड था, जिसने स्थिति सामान्य होने तक टेस्ट चैम्पियनशिप स्थगित करने की बात कही थी।

# विराट कोहली की एक दिन की कमाई कितनी है, जानकर हो जाएंगे हैरान



**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने हमेशा ही विपक्षी टीम के गेंदबाज़ों की धुनाई की है, लेकिन पिच के अलावा विराट कमाई के मामले में भी सबके छक्के छुड़ा देते हैं. जी हां, इस वक्त विराट ने कमाई के मामले में अपने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ दिया है. अपने खेल के अलावा विराट कहां-कहां से पैसा कमाते हैं आइए जानते हैं आज की इस स्टोरी में.

टीम इंड़िया के कप्तान विराट कोहली टीम इंडिया में ए+ कैटेगिरी के खिलाड़ियों की श्रेणी में हैं. इसलिए उन्हें साल भर में 7 करोड़ रुपए की फीस मिलती है, लेकिन विराट की असली कमाई मैदान से हटकर होती है. भारत में खेल प्रायोजकों की जांच करने वाली एक रिपोर्ट के मुताबिक, विराट कोहली लगभग 19 ब्रांडों के ब्रांड एंबेसडर हैं जिसके लिए उन्हें 150 करोड़ हर साल मिलते हैं.

लेकिन क्या आप जानते हैं कि विराट कोहली अपने सोशल मीडिया अकाउंट से भी ताबड़तोड़ कमाई करते हैं. विराट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्रमोशनल पोस्ट के 1.20 लाख डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में बात करे तो करीब 82 लाख रुपए से ज्यादा की फीस लेते हैं.

इतना ही नहीं पिछले साल यानि साल 2019 में फोर्ब्स इंडिया की लिस्ट में भी विराट कोहली को टॉप 100 सेलिब्रिटीज में पहले नंबर का स्थान मिला था. आपको जानकर हैरानी होगी कि अगर हम बात करे विराट की हर दिन की कमाई की तो वो हर रोज करीब 70 लाख रुपये कमाते हैं. फोर्ब्स के हिसाब से विराट की सालाना कमाई 252.72 करोड़ रुपये है. इसी के साथ आपको यहां ये भी बता दें कि फोर्ब्स इंडिया की टॉप 100 सेलिब्रिटीज का चयन अनुमानित इनकम और प्रिंट-सोशल मीडिया पर स्टार्स की पॉपुलैरिटी के हिसाब से किया जाता है.

# अगस्त में शुरू होगी इटेलियन फुटबॉल लीग सीरी-ए

## रोनाल्डो दिखाएंगे जलवा



**रोम, 25 अप्रैल ईएमएस :** कोरोना वायरस महामारी का असर अमेरिका और इटली में सबसे ज्यादा पाया गया है, जहां लाखों की संख्या में मरीज सामने आए हैं। बावजूद इसके यहां अगले कुछ महीने में फुटबॉल के मैच शुरू हो जाएंगे। इस बारे में इटली फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रविना ने बड़ा ऐलान किया है और कहा है कि अगस्त की शुरुआत में इटली में सीरी-ए के मैच खेलने शुरू हो जाएंगे, जिसके लिए तैयारी की जा रही हैं गैब्रिएल ग्रविना ने कहा है कि अगस्त के पहले सप्ताह में इटेलियन फुटबॉल लीग सीरी-ए की शुरुआत हो जाएगी। अध्यक्ष ग्रविना की यह इच्छा है कि अगले कुछ घंटों में सभी इकाइयों के साथ मिलकर यह फैसला लिया जाए कि 2019-20 सत्र दो अगस्त तक स्थगित रखा जाएगा। सीरी-ए फुटबॉल लीग के कुछ मैच खेले जा चुके हैं और बाकी के मैच इटली फुटबॉल संघ अगस्त की शुरुआत में कराना चाहता है। हालांकि, इटली के फुटबॉल संघ ने इस बात के बारे में जानकारी नहीं दी है कि सीरी-ए के बाकी मैच खाली स्टेडियमों में होंगे या फिर दर्शकों के साथ ये मैच खेले जाएंगे। इटली में बुरी तरह से फैली कोरोना वायरस महामारी काबू में नहीं है, लेकिन अभी सीरी-ए को शुरू होने में तीन महीने का समय है। ऐसे में कहा जा रहा है कि यहां अगले तीन महीने में हालात अच्छे हो सकते हैं और फुटबॉल मैचों का आयोजन हो सकता है।

# कोरोना का असर : बॉल टेम्परिंग नियमों में बदलाव की तैयारी

## लाल गेंद को चमकाने के लिए लार की जगह आर्टिफिशियल पदार्थ का इस्तेमाल होगा



**नई दिल्ली, 25 अप्रैल ईएमएस :** कोरोनावायरस (कोविड-19) के कारण आने वाले वक्त में क्रिकेट में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। संक्रमण की आशंका को देखते हुए लाल बॉल को चमकाने के लिए अब लार की जगह आर्टिफिशियल पदार्थ के इस्तेमाल को मंजूरी दी जा सकती है। क्रिकेट वेबसाइट ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रक्रिया की निगरानी अंपायर करेगा। आईसीसी के मौजूदा नियमों के मुताबिक, आर्टिफिशियल पदार्थ से गेंद चमकाना बॉल टेम्परिंग माना जाता है। यानी इस तरह से बॉल टेम्परिंग को अब आने वाले वक्त में वैध किया जा सकता है। कोरोनावायरस के संक्रमण के खतरे को देखते हुए लार से गेंद चमकाने के मुद्दे को आईसीसी की मेडिकल कमेटी के प्रमुख पीटर हरकोर्ट ने बैठक में उठाया था। हरकोर्ट ने कहा, ''हमारा अगला कदम इंटरनेशनल क्रिकेट को फिर से शुरू करने के लिए एक अच्छा रोडमैप तैयार करना है। इसमें उन सभी बदलावों को शामिल किया जाएगा, जो क्रिकेट और खिलाड़ियों के लिए जरूरी हैं।''

**टेस्ट क्रिकेट में बगैर चमक के गेंदबाजी करना मुश्किल**

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भी कहा था कि आने वाले समय में टेस्ट क्रिकेट में गेंदबाजी करना काफी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा था, ''मुझे लगता है कि सफेद गेंद से बॉलिंग करना तो ठीक रहेगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट बहुत कठिन हो जाएगा। यदि आप गेंद को 80 ओवर तक ठीक से नही रखेंगे, तो बॉल की चमक जाने के बाद यह बल्लेबाजी के लिए काफी आसान हो जाएगी।'' वहीं, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने गेंद पर लार नहीं लगाने की बात कही थी।।

# रांची में कोरोना फैलाने वाली मलेशिया की महिला गिरफ्तार

**रांची, 25 अप्रैल ईएमएस :** रिम्स के कोविड वार्ड में पिछले 25 दिनों से भर्ती 22 वर्षीय मलेशियाई महिला को शुक्रवार की रात करीब 8 बजे डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल वह पूरी तरह से स्वस्थ है। 20 अप्रैल को ही उसकी कोरोना की दूसरी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी। प्रशासन ने उसे कोविड वार्ड से निकालकर खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के क्वारांटाइन सेंटर में शिफ्ट किया है। उपायुक्त राय महिमापत रे ने बताया कि प्रशासन ने उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया है। उसके खिलाफ वीजा कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि रिम्स में उसे 31 मार्च को रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद भर्ती किया गया था। झारखंड में कोरोना के लगातार मरीज मिल रहे हैं। स्थिति यह है कि पिछले 17 दिनों में दो दिनों को छोड़कर लगातार मरीज मिले हैं। आठ अप्रैल के बाद सिर्फ 10 अप्रैल और 21 अप्रैल को ही कोई मरीज नहीं मिला है।

# सीएम को बदनाम करने की साजिश

## मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में थाली लेकर सड़क किनारे बैठे 136 परिवार, राशन नहीं मिलने का लगाया आरोप

**साहेबगंज, 25 अप्रैल ईएमएस :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के पतना प्रखंड स्थित केन्दुआ गांव में शनिवार को अचानक करीब 136 परिवार थाली लेकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सड़क किनारे भोजन की मांग को लेकर बैठ गए। जानकारी के बाद राजमहल एसडीओ तुरंत मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। जानकारी के बाद मामला कुछ और निकला। दरअसल, कुछ स्थानीय नेताओं के बहकावे में आकर ग्रामीण राशन की मांग को लेकर सड़क किनारे थाली लेकर बैठे थे। एसडीओ के मुताबिक, इस साजिश की तैयारी कई दिनों से की जा रही थी।

एसडीओ ने बताया कि राष्ट्रीयआपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सात लोगों को चिन्हित किया गया है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, केंदुआ गांव के सुजैन हांसदा, कंजू मरांडी, वाहा हेंब्रम, बास्की हेंब्रम, समशेर अली, सुभान अंसारी, ठोकरी मुर्मू, बाले सोरेन सहित करीब 136 परिवारों ने मुखिया व पंचायत सेवक से दो दिन पूर्व लॉकडाउन के चलते कथित भुखमरी का हवाला देते हुए खाद्यान्न की मांग की थी। लेकिन कार्रवाई होता ना देख मुख्यमंत्री जनसंवाद में शिकायत कर अनाज उपलब्ध कराने की मांग की गई। जनसंवाद के अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। बाद में शिकायतकर्ता को जवाब दिया गया कि उनकी शिकायत की जांच कराई गई। अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वे लोग सुखी संपन्न हैं। इस कारण उन लोगों को अनाज नहीं दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग दैनिक मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। उन लोगों के पास काम नहीं है। सरकार ने सभी को राशन सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही है। यहां 136 परिवारों को राशन कार्ड नहीं रहने के कारण अनाज नहीं दिया गया है। जबकि स्थानीय प्रशासन ग्रामीणों के इस आरोप को नकारते हुए कहा कि 136 ग्रामीणों का कार्ड नहीं है यह सच है। उनके ऑनलाइन आवेदन कराए गए हैं। इनमें से जो सरकारी अनुदान पाने के अहर्ता रखते हैं, उन्हें अनाज भी उपलब्ध कराया गया है। कुछ स्थानीय लोगों के साजिश के कारण मामले को राजनीतिक रूप देने के लिए ग्रामीणों को भड़काया गया जिसका नतीजा रहा कि वह शनिवार को केंदुआ गांव में लॉकडाउन के दौरान थाली लेकर सड़क किनारे बैठ गए। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने एक ऑडियो वायरल कर घटना का पर्दाफाश करते हुए कहा है कि यह स्थानीय कुछ लोगों ने साजिश के तहत सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया गया है उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**क्या कहते हैं अनुमंडल पदाधिकारी**

अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल इस पूरे प्रकरण पर कहा कि केंदुआ गांव में जिन 136 परिवारों ने खाद्यान्न नहीं मिलने का दावा किया है उनमें कई सुखी संपन्न परिवार हैं। जिनके यहां स्कॉर्पियो ट्रैक्टर वगैरह है। कुछ लोग साजिश के तहत गरीब लोगों को भड़का कर प्रशासन के सामने विपरीत परिस्थिति पैदा करना चाह रहे हैं। मौके पर जाकर उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच की है जो ग्रामीण सरकारी अनुदान प्राप्त करने का अहर्ता रखते हैं उन्हें तत्काल नियमानुसार खाद्यान्न पहले ही उपलब्ध करा दिया गया है।

# मयूराक्षी नदी में डूबे पांचों के शव बरामद

**दुमका ,25 अप्रैल( ईएमएस ):** मसलिया प्रखंड में मयूराक्षी नदी में नाव पलट जाने के बाद लापता पांचों लोगों का शव बरामद कर लिया गया। शनिवार को पांचवें व्यक्ति का शव एनडीआरएफ की टीम ने नदी से बरामद किया। जबकि चारों लोगों का शव शुक्रवार को ही नदी से निकाल लिया गया था। इस दौरान पुलिस जवानों की बड़ी संख्या मौके पर डटी रही। हादसा गुरुवार की शाम तब हुआ था, जब अचानक आंधी चलने लगी। इसी दौरान नदी में नाव पलट गई थी। नाव पलटने के बाद एक व्यक्ति शिवलाल क्स्कि तैरकर बाहर आ गया था। मसलिया के चपुड़िया गांव निवासी शिवपाल ने बताया कि वे सभी नाव से जीतपुर से चपुटिया लौट रहे थे।

# बेटे ने हथौड़े से मारकर की पिता की हत्या

**कोडरमा ,25 अप्रैल( ईएमएस ):** तिलैया थाना क्षेत्र के गैस गोडाउन गली में शनिवार की सुबह एक बेटे ने अपने पिता की हथौड़े से वारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी खुद थाना पहुंचा और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हत्या की वजह संपत्ति विवाद माना जा रहा है। वहीं, आरोपी का कहना है कि पिता द्वारा शराब के नशे में हमेशा मां और उसके साथ मारपीट की जाती थी। मृतक की पहचान जगरनाथ महतो (45) के रूप में की गई। जगरनाथ महतो का बेटे संटू और पत्नी के साथ काफी दिनों से विवाद चल रहा था। पत्नी घटना के वक्त घर पर नहीं थी। वो बेटी के मायके गई हुई थी। इसी दौरान शनिवार सुबह पिता-पुत्र में विवाद हुआ। विवाद के दौरान संटू ने घर में रखे बड़े से हथौड़े से जगरनाथ महतो के सिर पर वार कर दिया। इससे जगरनाथ महतो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।

# जम्मू-कश्मीर: जेलों में बंद 28 लोगों से हटा पीएसए, महबूबा मुफ्ती को अब भी राहत नहीं

**श्रीनगर, 25 अप्रैल ईएमएस :** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केन्द्र शासित प्रदेश और उससे बाहर जेलों में बंद 28 लोगों पर से जन सुरक्षा कानून (पीएसए) हटा दिया है। प्रशासन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जिन लोगों के ऊपर से पीएसए हटाया गया है उनमें एक प्रमुख व्यक्ति कश्मीर व्यापार और विनिर्माण संघ (केटीएमएफ) और कश्मीर इकॉनमिक अलायंस (केईए) के मुखिया मोहम्मद यासीन खान का नाम भी शामिल है। खास बात यह है कि पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी चीफ महबूबा मुफ्ती को अब भी राहत नहीं दी गई है। केन्द्र सरकार ने पिछले साल 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा वापस लेकर उसे दो केन्द्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था, जिसके बाद मुख्यधारा के नेताओं समेत राज्य में सैकड़ों लोगों को पीएसए कानून के तहत हिरासत में ले लिया गया था। इनमें से जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला समेत कई लोगों को हाल ही में रिहा किया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जमशेदपुर में दुकानों........

में नहीं खुलेगी. पहले की तरह ही स्थिति रहेगी. किसी भी तरह की लापरवाही करने पर जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी. कम से कम 50 लोगों पर एक दुकान को खोलने की अनुमति मिलेगी. सूत्रों की मानें तो ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार से दुकानें खुलेंगी. ग्रामीण क्षेत्रों में रौनक देखने को मिलेगी. माना जा रहा है कि अब मुस्लिम समुदाय का रमजान माह भी शुरू हो गई है. यदि शहर की प्रमुख दुकान खुलती है तो भीड़ काफी बढ़ सकती है जबकि कोरोना से बचाव के लिए सामाजिक दूरी ही बचाव है. बाजार में भीड़ नहीं जुटे इसे देखकर ही शहर की दुकानों को खोलने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा.

सरकार को जिला प्रशासन का करेंगे सहयोग: सोंथालिया

सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष व कांफेडेरशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश सोंथालिया ने कहा कि कोरोना वायरस को लेकर पूरे देश ही नहीं पूरे विश्व की जो स्थिति है उससे हड़कम्प मचा हुआ है. केन्द्र सरकार की ओर से पूरे देश में लॉकडाउन लगाया गया है. तीन मई तक लॉकडाउन है. दुकानों को खोलने को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से जो भी आदेश जारी किया गया है उससे शहर के बाजार की दुकानों के खुलने की संभावना कम है. उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी सरकार व जिला प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे.

लॉकडाउन खुलने तक करेंगे इंतजार: भरत वसानी

सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव भरत वसानी ने कहा कि जिस तरह से केन्द्र सरकार की ओर से दुकान खोलने का गाइडलाइन जारी किया गया है उससे शहर के बाजार खुलने की संभावना कम है. उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने रविवार की दोपहर तक कोई निर्णय देने का आश्वासन दिया है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना को लेकर दहशत है. सभी व्यापारी तीन मई तक लॉकडाउन खुलने तक इंतजार करेंगे.

### राज्य के सभी........

पालन किया जाए। अगर केंद्र सरकार छूट से संबंधित कोई नई गाइडलाइन जारी करती है तब भी जिले के उपायुक्त अपने क्षेत्र का मूल्यांकन करें, इसके बाद ही ढील को लागू करें।

डॉक्टर उरांव ने कहा कि इस संबंध में सारी बातें क्लीयर हैं। जिले के उपायुक्त अपने क्षेत्र की समीक्षा करते हुए अपना निर्णय लेंगे। कहा कि राज्य स्तर पर इस तरह का निर्णय लेने में तकनीकी परेशानी यह है कि अलग-अलग जिलों और वहां के क्षेत्रों की स्थिति अलग-अलग होती है।

उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार ने कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के निर्देश के पहले ही पूरे राज्य में लॉकडाउन का निर्णय लिया था। इससे वायरस पर अंकुश लगाने में काफी हद तक सफलता मिली है। इसका फायदा दिख रहा है, इसलिए राज्य सरकार लगातार केंद्र के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ही आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग स्वयं ही अनुशासन का पालन करते रहे हैं और इस विकट संकट की स्थिति में भी अनुशासन तथा एकजुटता का पालन कर पूरे देश दुनिया के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत किया है। अभी कोरोना वायरस से उत्पन्न संकट की स्थिति समाप्त नहीं हुई है। इसलिए लोगों से यह अपील की जाती है कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते रहें।

झारखंड के लिए उदार बने केंद्र सरकार

मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा है कि केन्द्र सरकार के कोष में पैसे की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार के आय के कई स्रोत हैं जबकि राज्य के पास आय के सीमित संसाधन हैं। केंद्र सरकार देश-विदेश कहीं से भी पैसा ला सकती है। कहा कि झारखंड को केंद्र सरकार से सहयोग की काफी अपेक्षा है। झारखंड के मामले में केंद्र सरकार को अपनी उदारता दिखाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे गरीब, आदिवासी एवं पिछ? राज्य के मामले में केंद्र सरकार को अपनी उदारता दिखानी चाहिए।

### लॉकडाउन में रहेगी........

लागू की गई है फिलहाल उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है.

प्रशासन जल्द करेगी गाइडलाइन जारी

उपायुक्त ने कहा कि गृह मंत्रालय की ओर से लॉकडाउन के दौरान दुकानों को खोलने की छूट को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया है. वर्तमान में पुरानी व्यवस्था ही जारी रहेगी. जिला प्रशासन राज्य से प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक में बहुत जल्द दिशानिर्देश जारी करेगी. व्यवसायिक वर्ग से प्रशासन ने सहयोग करने की अपील की है.

### एक महीने बाद........

दिए हैं। लोगों को जैसे ही पता चला वे घरों से बाहर निकल आए। एक महीने बाद दुकानदारों ने स्टेशनरी, हार्डवेयर से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और किराने की दुकानें खोलीं। हालांकि, इसे लेकर भ्रम की स्थिति देखी गई। कुछ इलाकों में जरूरी सामानों की दुकानों पर भी? दिखी। पूरे देश से ऐसी तस्वीरें सामने आईं।

दिल्ली- एक महीने बाद दुकानें खुलीं

लॉकडाउन की वजह से एक महीने बाद देश की राजधानी दिल्ली में किताबों के साथ-साथ हॉर्डवेयर दुकानें खुलीं। हालांकि, शनिवार सुबह कम ही लोग इन दुकानों पर पहुंचे। दुकानदारों का कहना था कि अभी एकदम से भी? की उम्मीद करना बेमानी है। कोरोना का डर हम सब में हैं।

अब तक 24 हजार 620 केस- सरकार के सूत्रों ने कहा- रैपिड टेस्ट किट से जांच पर रोक लगेगी, मौजूदा क्षमता से 15 लाख टेस्ट हो सकते हैं

एंटीबॉडी टेस्ट किट 10 मिनट में रिजल्ट देती है, लेकिन यह संक्रमित की जांच में रिपोर्ट तभी पॉजिटिव देती है, जब एंटीबॉडी ने वायरस पर असर डाला हो। एंटीबॉडी टेस्ट किट 10 मिनट में रिजल्ट देती है, लेकिन यह संक्रमित की जांच में रिपोर्ट तभी पॉजिटिव देती है, जब एंटीबॉडी ने वायरस पर असर डाला हो।

### अल्कोर होटल.........

चर्चा है कि लोग होटल में जूआ , शराब, आदि के लिये आये थे। उसके पहले ही बात उनके करीबियों द्वारा बात लीक की गयी। अल्कोर जैसे नामी होटल में ऐसे आयोजन की तैयारी चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि लॉक डाउन के दर्मयान प्रतिष्ठान बंद हैं। मेन गेट भी बंद रखना है। होटल का मुख्य गेट किसकी अनुमति से खुला और होटल में कितने कर्मचारी किसकी अनुमति से रखे गये या बुलाये गये थे। बताया जाताहै कि उक्त होटल में स्पा चौथे तल्ले में है। बिना अनुमति से ये लोग उक्त स्पा तक कैसे पहुंच गये। ये ऐसे सवाल हैं जिनका जबाब प्रशासन को ढंढना चाहिये और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये ताकि सबके साथ न्याय की संतुष्टि होसके।

लड्डू मंगोतिया ग्रुप एवं होटल मालिक साधन संपन्न एवं पहुंच वाले लोग हैं। इस घटना ने सबका चेहरा आज बेनकाब कर दिया। एक ओर प्रधान मंत्री इस भीषण आपदा में सहयोग का आह्वान कर रहे हैं और ऐसे लोग मस्ती में लगे हुए हैं।

### आरपीएफ जवान के.......

कोई कसर नही छोड़ना चाहता.अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से कहा कि वे घर में ही रहें. बहुत जरूरी हो तभी बाहर निकलें.

जानकारी के मुताबिक, सभी जवान नई दिल्ली से कारतूस तथा हथियार लाने के लिए गए थे। वहां से कोरोना भी साथ ले आए। जवानों की ट्रैवल हिस्ट्री ली गई है। उक्त जवान को जिस कमरे में क्वारैंटाइन किया गया था, उसकी भी जांच की गई। उसके बाद एचसीएल के दमकल को बुलाकर रेलवे कॉलोनी तथा स्टेशन परिसर और बैरक को पूरी तरह सैनिटाइज किया गया। इधर, सर्विलांस टीम ने 7 अधिकारी 3 हवलदार सहित 41 जवानों का जांच के लिए सैंपल लिया है। इधर, एक एएसआई जिसका कोरोना जांच निगेटिव निकला वह रेलवे कॉलोनी में क्वार्टर में रहता है। उसकी पत्नी तथा दो बच्चों का स्वाब जांच के लिए सैंपल लिया गया। सर्विलांस टीम ने सभी अधिकारियों तथा जवानों से अपील की है कि वे सबकुछ सही-सही बताएं ताकि जांच के बाद संक्रमण रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाया जा सके।

मामले में आरपीएफ की लापरवाही आई सामने

पूरे मामले में आरपीएफ की लापरवाही सामने आई है। नई दिल्ली से लौटने के बाद जवानों को खड़गपुर अस्पताल में क्वारैंटाइन करने के बजाय सबको वापस उनके पोस्ट पर भेज दिया गया। इस वजह से संक्रमण फैलने का डर हो गया है। घाटशिला पहुंचे जवान ने बैरक में क्वारैंटाइन का कितना पालन किया यह जांच की जा रही है। बैरक में रहने के दौरान किन जवानों से मिला था, इस बारे में पूछताछ की जा रही है। सर्विलांस टीम ने सभी अधिकारियों तथा जवानों से अपील की है कि वे सबकुछ सही-सही बताएं ताकि जांच के बाद संक्रमण रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाया जा सके।

### कोटा में फंसे........

श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री को स्पष्ट करना चाहिये कि दो प्रकार के राज्यों में कौन सही है और कौन गलत. कौन राज्य उनके लॉक डाउन का पालन कर रहे हैं और कौन उल्लंघन कर रहा है. क्या यह संवैधानिक संकट नहीं है. यूपी, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ की सरकार को कोटा जाकर अपने राज्यों के बच्चों को लाने की अनुमति किसने दी है और झारखंड बिहार को यह अनुमति क्यों नहीं मिल रही है. यह भारत के संविधान के पालन और उल्लंघन का मामला है. केन्द्र और राज्य की सरकार स्थिति स्पष्ट नहीं कर रही है तो इसके लिये न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा.

### जुलाई नहीं सितंबर......

कमेटी में ये शामिल

यूजीसी की इस कमेटी के प्रमुख हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति आर सी कुहाड़ हैं। वहीं सदस्यों में इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर के निदेशक एसी पांडेय, बनस्थली विद्यापीठ के कुलपति आदित्य शास्त्री और पंजाब विश्वविद्यालय के प्रमुख राज कुमार शामिल हैं।

कमेटी की रिपोर्ट पर तैयार होगा अकादमिक कैलेंडर

यूजीसी इस कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालयों की परीक्षा के लिए गाइडलाइन और अकादमिक कैलेंडर तैयार करेगा। एक अधिकारी के कहा कि यूजीसी के यह दिशा निर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए बाध्यकारी नहीं होगा। हालांकि, उन्हें सरकार के उम्मीदों के अनुसार, अपना शैक्षणिक वर्ष शुरू करने की सीमा निर्धारित करनी होगी।

### रांची में मिले........

और बेड़ो में दो पॉजिटिव मिले हैं। यानी कुल 67 मरीजों में 42 रांची, 10 बोकारो, 02 धनबाद, 02 देवघर, 02 गिरिडीह, 03 हजारीबाग, 03 पलामू, 02 सिमडेगा और 01 गढ़वा का मरीज शामिल है।

इधर, देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 24 हजार 543 हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को 1408 संक्रमित बढ़े। राज्य सरकारों से मिली जानकारी के अनुसार हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में संक्रमितों की कुल संख्या 24 हजार 506 है।

# काशीडीह में से तीन तल्ला भवन लगी आग, प्रिंटिंग प्रेस समेत घर का सारा समान जलकर राख, पूरा परिवार बाल बाल बचा

## लाखो की नुकसान,तीन दमकलों ने पाया काबू

## छत से कूदकर परिवार से सदस्यों ने बचाई जान



**जमशेदपुर 25 अप्रैल संवाददाता :** शनिवार की सुबह पांच बजे साकची काशीडीह लाइन नम्बर सात स्थित एक मकान के तीन तल्ले पर आग लग गई. इससे प्रिन्टिंग मशीन समेत टीवी,फर्नीचर,फ्रिज, पंलग, सोफा, पर्दा, चादर, घर अन्य सामान जलकर राख हो गये . आग लगने से उस परिवार को लाखों रुपये की क्षति हुयी है. तीन घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. परिवार के लोगों ने छत के सहारे पड़ोसी के घर में छलांग लगाकर जान बचायी. घर के सभी सदस्य सकुशल हैं.

अनिता प्रिंटिंग प्रेस के मालिक अजय कुमार ने बताया कि यह घटना सुबह पांच बजे की है. उनका तीन तल्ला घर है. घर में माता पिता समेत भाई व अपने अपने परिवार के साथ रहते हैं. जब घटना घटी उस समय घर के सभी सदस्य सोये हुये थे. मां लक्ष्मी देवी सुबह में जल्द उठ जाती हैं. मां को जलने की महक आयी तो वह देखा कि नीचे तल्ले में आग लगी हुयी है. वह हल्ला करने लगी. जोर-जोर से दरवाजा पटकने पर परिवार के लोग जग गये तो देखा कि तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है. कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें. परिवार की महिलाएं व बच्चे सीढ़ी के सहारे घर की छत पर चढ गये चूंकि जान बचाना जरुरी था. छत पर चढने के बाद पडोसी की छत पर दीवार फांद कर गये. तब सबकी जान बची. जब नीचे उतरे देखा कि बेसमेंट में अवस्थित प्रिंटिंग प्रेस में आग लगी है. सारे सामान जल चुके थे. स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया. घटना की सूचना पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी गयी. सुबह करीब 6 बजे के पास तीन दमकल मौके पर पहुंचीं. उनकी सहयाता से लगभग 8 बजे आग पर काबू पाया गया. इस बीच तीन तल्ले के सामान भी आग की भेंट चढ़ चके थे. तब से पूरा परिवार सदमे में है. स्थानीय लोगों द्वारा परिवार के लोगों की काफी मदद की गयी है.

पुरा परिवार घटना के बाद से सदमें है स्थानिय लोगों के दवारा परिवार के लोग को काफी मदद की गयी है वर्कशाप में रखा गया समान व कागजात निकलाकर बाहर रखे गये .

परिजनो ने कहा कि जिन लोगों ने उनकी मदद आग बुझाने व अन्य कार्यो में की है उनका धन्यवाद करना चहाते देर शाम तक भी परिवार को ढंढसा देने के लिये सगे सम्बंधी स्थानिय लोग जुटे हुये थे सभी अपने स्तर से सामानो को हटाने में मदद कर रहे थे आग लगने के कारण

दीवार व छत से सीमेन्ट आदि झड़कर गिरा रहा था.



आगजनी में बुरी तरह जला प्रिंटिंग प्रेस

# राशन प्राप्त करने में आ रही परेशानियों को लेकर उपायुक्त ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** 'लॉक डाउन' के के दौरान लोगों को राशन प्राप्त करने में आ रही परेशानियों को देखते हुए उपायुक्त ने आज पीडीएस डीलर और मार्केटिंग ऑफिसर के साथ बैठक की. उन्होंने बताया कि आगामी 1 मई से 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' के तहत लोगों को चावल व दाल वितरण किया जाना है. इस कार्य में लोगों को समय से खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएं. बताया कि उक्त योजना अंतर्गत अप्रैल एवं मई माह का चावल जनवितरण प्रणाली दुकानों से निःशुल्क वितरण किया जाना है.

प्रत्येक दुकानदार अपने कार्डधारी को दो माह का दस (10) किलो चावल प्रति व्यक्ति वितरण करेंगे. उसको अलग से अपवाद पंजी बनायेंगे और उसमें क्रम संख्या, कार्ड नंबर, कार्डधारी का नाम, यूनिट, चावल की मात्रा एवं अप्रैल, मई का हस्ताक्षर करायेंगे.

डीसी ने सभी पीडीएस डीलरों को ग्राहकों को आपदा की इस घड़ी में लोगों को सहयोग करने सहित उन्हें अनाज में किसी प्रकार की कोई कटौती न करने तथा डीलरों को अफवाह से बचने की सलाह दी. बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, मार्केटिंग ऑफिसर सहित वहीं पीडीएस डीलर संघ के मोहन साव पारस (अध्यक्ष), प्रमोद गुप्ता (महासचिव), आरएस तिवारी, उमराव सिंह, मनीष, नागेश, मो. गफ्फार, विनोद साव, एस प्रभाकर, चन्द्र मुनी तिवारी, उमेश साव, विवेक कुमार, विजय सिंह भी मौजूद थे.

# टाटा स्टील ने जिला प्रशासन को दिये 10 हजार टेस्ट किट

**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस के संक्रमण रोकने को जारी लॉक डाउन के दौरान शहरवासी जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग कर रहे हैं. यहां तक कि छोटे बच्चे भी अपने गुल्लक में जमा पैसे दानस्वरुप प्रदान कर रहे हैं. इस क्रम में आज टाटा स्टील ने जिला प्रशासन को 10 हजार टेस्ट किट उपलब्ध कराया, जिससे जिले में किए जा रहे कोरोना जांच में और तेजी आएगी. वहीं चाईबासा रूंगटा ग्रुप के नंदलाल रूंगटा ने 5 लाख रूपए रेडक्रॉस सोसायटी को जरूरतमंदों के प्रदान किये. इस सहयोग के लिये जिला प्रशासन ने टाटा स्टील एवं नन्द लाल रूंगटा के प्रति आभार जताया. उपायुक्त ने बताया रुंगटा ग्रुप के उक्त रकम से एमजीएम में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में खर्च किया जाएगा.

# टाटा स्टील ने कराया 14.2 लाख लोगों को भोजन

**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर):** टाटा स्टील के चीफ सीएसआर सौरभ राय ने कहा कि पूरे देश में कोरोना वायरस को लेकर लगाए गए लॉकडाउन में 14.2 लाख लोगों को भोजन करा चुकी है. टाटा स्टील के चीफ सीएसआर सौरभ राय ने कहा कि जमशेदपुर, कलिंगनगर, नोवामुंडी, जोडा, झरिया, वेस्ट बोकोरो में अब तक 14.2 लाख लोगों को दोपहर का भोजन करा चुकी है. कोल्हान व कंपनी क्षेत्र में रहने वाले 20 हजार परिवारों को सूखा राशन दे चुके हैं. पांच लोगों के परिवार के लिए इतना सूखा राशन दिया गया है कि वे 15 दिनों तक आसानी से जीवनयापन कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि अब तक करीब 90 हजार मास्क वितरित किए गए हैं. फरिशत प्रोजेक्ट के तहत नौ राज्यों में 300 स्वयंसेवकों की मदद से 35 सौ लोगों तक पहुंच चुके हैं जो प्रेरक कहानियों के लोगों का तनाव कर करने में मदद कर रहे हैं. हमारा लक्ष्य लॉकडाउन अवधि में 10 हजार लोगों तक पहुंचना है. उन्होंने कहा कि 2300 महिलाओं को किचन गार्डेन, मास्क बनाने के साथ ही अन्य काम में जोड़ा गया है. अब तक करीब 23 लाख रुपये की आमदनी भी करायी है. उन्होंने कहा कि अब तक कंपनी जोमैटो से 75 हजार किलोग्राम हरी सब्जियां होम डिलीवरी करा चुकी है. उन्होंने कहा कि करीब 890 ऑर्डर मिले हैं.

# टिमकेन : 36 माह से लटका ग्रेड आठ को डीएलसी में वार्ता

**जमशेदपुर, 20 मई (रिपोर्टर) :** टिमकेन कंपनी के लाइन इंजीनियरों का वेतन बढ़ा दिया गया है जबकि कर्मचारियों का ग्रेड रिवीजन 36 माह से लटका हुआ है। प्रबंधन-यूनियन के बीच कई दौर की वार्ता हुई लेकिन निर्णय नहीं निकल पाया। अब मामला उप श्रमायुक्त के पाले में चला गया है। समय रहते समझौता नहीं हुआ तो उप श्रमायुक्त को पहल करना होगा। इसे लेकर आठ मई को उप श्रमायुक्त ने त्रिपक्षीय वार्ता भी बुलाई है।

# अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं जिससे लोगों को परेशानी ना हो

## उपायुक्त ने डॉक्टरों के साथ बैठक



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना का संक्रमण फैलने के डर से शहर के चिकित्सक नियमित रूप से लोगों का इलाज नहीं कर रहे हैं, जिससे परेशानी हो रही है. इस क्रम में आज उपायुक्त ने सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम एवं डॉक्टरों के साथ बैठक की. उपायुक्त ने उपस्थित डॉक्टर एवं अस्पताल के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इमरजेंसी सेवा के क्रम में आनेवाली चिकित्सा सुविधा लोगों को उपलब्ध कराएं जिसमें डिलीवरी, डायलिसिस व ऑपरेशन जैसे मामले आते हैं. कहा कि अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं जिससे लोगों को परेशानी ना हो.

उन्होंने डॉक्टरों से कहा कि प्रत्येक मरीज को कोरोना वायरस से संक्रमित मानकर उसे संबंधित तमाम सावधानी बरतते हुए उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं. अगर वे आश्वस्त हैं कि आए मरीज क्रोना वायरस से संक्रमित हैं वैसी परिस्थिति में उक्त मरीज का एंटीबॉडी टेस्ट करने के पश्चात इलाज करें. वहीं अस्पताल प्रबंधन से कहा कि कोरोना से संक्रमित संदिग्ध मरीजों का इलाज करने के लिए अलग व्यवस्था करना सुनिश्चित करें. यही नहीं, कोरोना से संक्रमित संदिग्ध डिलीवरी और डायलिसिस से संबंधित मामलों के इलाज के लिए भी अलग व्यवस्था करें. बैठक में सिविल सर्जन, सर्विलांस टीम के नोडल डॉक्टर अशोक, टीएमएच, टाटा मोटर्स, टिनप्लेट, मर्सी अस्पताल सहित आईएमए के प्रतिनिधि व अन्य कई निजी डॉक्टर एवं नर्सिंग ओम के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

# टीएमएच में कोरोना की जांच शुरू, 18 रिपोर्ट निगेटिव

## सामान्य लोगों को देना होगा 4500 रुपये चार्ज
## कर्मचारियों व राशन कार्ड वाले की जांच होगी निःशुल्क



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर):** टीएमएच में कोरोना वायरस की जांच शुरू हो गई है. शुक्रवार की शाम से अब तक कोरोना वायरस के 18 संदिग्धों की जांच की गई जिनमें से सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव है. टीएमएच में टाटा स्टील कर्मचारियों व जिनके पास राशन कार्ड होगा उनकी जांच निःशुल्क की जाएगी जबकि अन्य लोगों को 4500 रुपये चार्ज लिया जाएगा.

शनिवार की शाम टाटा स्टील की ओर से टेली कांफ्रेंसिंग का आयोजन किया गया जिसमें टीएमएच के जीएम डा. राजन चौधरी व चीफ सीएसआर सौरव राय मीडिया से जुड़े. इस मौके पर टीएमएच के जीएम डा. राजन चौधरी ने कहा कि टीएमएच ने स्वास्थ्य मंत्रालय से मिले आदेश के बाद संदिग्ध मरीजों के खून के नमूनों की जांच शुरू कर दी है. गैर कर्मचारियों को नमूनों की जांच के लिए 4500 रुपये देने होंगे। जबकि किसी भी तरह का राशन कार्डधारी व टाटा स्टील कर्मचारियों की जांच निःशुल्क होगी. उन्होंने कहा कि टीएचएच में एक दिन में 40 से 50 संदिग्धों की जांच करने की क्षमता है. टीएमएच के सीसीयू में 13 व सामान्य वार्ड में चार कोरोना के संदिग्ध मरीज हैं. उन्होंने कहा कि कोरोना मरीजों को नई दिल्ली में प्लाजमा ट्रांसप्लांट किया जा रहा है, लेकिन यह भविष्य में कितना सुरक्षित है, यह शोध का विषय है. उन्होंने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए किसी भी देश का कोई मॉडल बेस्ट नहीं है, सिर्फ इससे सतर्क रहें. आपस में सामाजिक दूरी का पालन करें. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने हाथ को बार-बार धोएं, ग्लव्स का उपयोग करें. उन्होंने कहा कि वायरस पूरी सोसाइटी से खत्म होने में छह से 12 माह का समय लग सकता है. उन्होंने बताया कि टाटा स्टील की ओर से राज्य सरकार को कई सुरक्षा उपकरण, किट, हाई फ्लो नोजल ऑक्सीजन, एक वेंटीलेटर सहित 50 हजार ग्लबस व मास्क दिए गए हैं.

# निर्माण क्षेत्र से जुड़े 1387 मजदूरों के खाते में भेजा 42.23 लाख रूपये

**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** श्रम, नियोजन व प्रशिक्षण विभाग ने शनिवार को निर्माण क्षेत्र से जुड़े हुए 1387 मजदूरों के खाते में 42.23 लाख रूपये शनिवार को भेजा। कोरोना वायरस से उत्पन्न संकट के समय में सहायता राशि मजदूर व गरीब वर्ग के लोगो के लिए बड़ी मदद साबित होगी।

उपश्रमायुक्त राजेश प्रसाद ने बताया कि सेफ्टी किट लाभ योजना के तहत 1039 मजदूरों के खाते में 10.39 लाख रूपये प्रति मजदूर एक हजार के मुताबिक भेजा गया। इसके साथ ही चिकित्सा सहायता मद में 1 मजदूर को 4299 रूपये की मदद हुई।

विवाह सहायता योजना मद में 3 लाभुकों को कुल 90 हजार की मदद की गई। वहीं मृत्यु व दुर्घटना लाभ के मद में 6 लाभुकों को कुल 6 लाख रूपये दिए गए, प्रत्येक लाभुक को एक लाख रूपये की सहायता राशि दी गई। वहीं छात्रवृति योजना मद से 33 लाभुकों के बीच कुल 24.90 लाख रूपये का खाते में भेजे गए है।

सफलता के 32 वर्ष
आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मशीनों द्वारा और सम्पूर्ण इलाज
आयुर्वेद वृहस्पति
डॉ० एस० के० तिवारी Govt. Regd.
वरिष्ठ गुप्त एवं यौन रोगों के चिकित्सक
आयुर्वेद शिरोमणि Honored by National Health Excellence Award
सहायक डॉ० महेश्वर मिश्रा Govt. Regd.
JEEVAN JYOTI HEALTH CLINIC
100% Herbal Medicine
धातु विकार | स्वप्न दोश
नपुंसकता | शीघ्रपतन
अंगों का छोटापन | सेक्स में कमी
निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति हेतु अवश्य संपर्क करें
आपके स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोगोन्मूलन का प्रतीक
जीवन ज्योति हेल्थ क्लीनिक ®
A/36, न्यू कालीमाटी रोड, गुरुनानक नगर, साकची, जमशेदपुर-1
(दिनांक 8 से 20 तक प्रतिमाह) मिलने का समय प्रातः 9 से 1 बजे तक/सायं 3 से 7 बजे तक
PHONE : 0657-2438616, 9835551212, 9431113166

0657 - 2443999 / 8986637327 / 8969444817
A SPECIALITY CENTER FOR




Omkarananda
DENTAL CARE
OMKARANANDA MULTISPECIALITY DENTAL CARE & RESEARCH WE CARE
Google IN TATA MOTORS PANEL
LIFT AVAILABLE LIFT AVAILABLE
1st Floor , Tiwary Bechar Building

# मानगो कुमरूम बस्ती में चावल कालाबाजारी करते डीलर को पकड़ा



**जमशेदपुर, 25 अप्रैल (रिपोर्टर) :** एक और पूरा देश कोरोना वायरस महामारी के कारण भोजन की कमी का सामना कर रहा है, वहीं दूसरी और मानगो के नया कुमरूम बस्ती में चावल की कालाबाजारी की मामला सामने आया, जिससे लोगों में काफी रोष है. बताया जाता है कि यह कालाबाजारी का खेल तीन-चार दिन से चल रहा था. दुकानदार जूट के बोरे से चावल निकालकर प्लास्टिक की बोरी में भरता था और बिना खौफ बड़े ही चालाकी से उस बोरी को सिलाई कर अन्यत्र भेज देता था. मिली जानकारी के मुताबिक मानगो के न्यू कुमरुम बस्ती में राशन डीलर गोवर्धन साव की दुकान है, जहां आज लोग राशन लेने गये तो उन्हें राशन नहीं होने का हवाला दिया गया. स्थानीय लोगों ने गुस्से में आकर शनिवार की दोपहर में ही डीलर के घर से माल की हो रही ढुलाई को रोक दिया. गाड़ियों के साथ चावलों को पकड़ लिया. उन्होंने चावल की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया. इस दौरान भीड़ देखकर टेंपो चालक व राशन दुकानदार भाग खड़ा हुआ.

उन्होंने भाजपा नेता विकास सिंह को इसकी जानकारी दी. वे मौके पर पहुंचकर तुरंत जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक अनूप बिरथरे और मार्केटिंग ऑफिसर को जानकारी दी. मौके में पहुंचे पुलिस ने टेंपो को पकड़कर थाने ले गई. मामले की जांच चल रही है.

विकास सिंह ने बताया कि महामारी में कालाबाजारी हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी. विकास सिंह के साथ उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरिंदर पासवान भी मौके पर पहुंचे थे.

वैद्य कैलाश महतो
(चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ)



वैद्य कैलाश महतो
राष्ट्रीय आरोग्य स्वास्थ्य सम्मान एवं स्वर्णपद से सम्मानित
तपोवन में रहकर आयुर्वेद पर गहन अध्ययन कर असाध्य रोगों पर रिसर्च कर फिर से आपकी सेवा में हाजिर हूं.



डॉ अभिमन्यु महतो
कठिन से कठिन असाध्य रोगों से छुटकारा पाने लिये वैद्य जी से परामर्श लें.
जैसे कैंसर, चर्म रोग, धातु विकार, स्वप्न दोष, नपुंसकता, सेक्स में कमी, गुप्त रोग, मिर्गी, टीबी, दमा, बवासीर, फलेरिया, जांडिस, सफेद दाग, वातरोग, सुगर, हाईड्रोसिल, सुजाक, शीघ्रपतन, गनोरिया, लिकोरिया, धातुछिनता, अपने से गलती से किया भुक्तभोगी और छोटे-बड़े किसी प्रकार का रोग हो. संतान इच्छुक पति पत्नी आकर परामर्श लें.
ब्रांच 1: गायत्री आयुर्वेदिक दवाखाना बारीडीह मार्केट, पुरानी लाईन ☎ : 2280937, 8002238836 समय : सुबह 8 से 11 व शाम 4 से 10 बजे तक
ब्रांच -2 : शालिनी मार्केट खाजा दुकान के बगल में मेन रोड साकची -9835591112 समय : सुबह 11 से 2 बजे तक

प्रकाशक एवं मुद्रक विनय कुमार शुक्ला द्वारा सम्प्रति प्रकाशन प्रा.लि. के लिए 36 न्यू डेवलपमेंट एरिया,गोलमुरी, जमशेदपुर से प्रकाशित तथा सम्प्रति प्रकाशन प्रा.लि., 36 न्यू डेवलपमेंट एरिया, गोलमुरी, जमशेदपुर से मुद्रित, सिटी कार्यालय 178 पद्मा रोड, सिदगोड़ा थाना रोड,जमशेदपुर. पिन-831003 संस्थापक संपादक स्व.ब्रह्मदेव सिंह शर्मा सम्पादक :जय प्रकाश राय, वर्ष : 24, अंक 106 आर. एन. आई. रजि.नं. JHAHIN/1997/65381 मो:-9470353001, फैक्स नं.-0657-2210246 धनबाद कार्यालय : हिन्दू मिशन रोड, हीरापुर, प्रेस-पो.कल्याणपुर, जी. टी. रोड, बरवा अड्डा-826004. Email : chamaktaaina@rediffmail.com/aina1947@yahoo.co.in